# RashtriyaKisan (P.G) College Shamli

**January,February, March (IstQuarter)2025**

**25 January 2025: National Voter Day**

**Programme Incharge – NSS, NCC , Rover Ranger**






**25 January 2025:** **National Voter Day**

**Programme Incharge –** **NSS, NCC , Rover Ranger**






**25 January 2025:** National Voter Day

**Programme Incharge –** NSS, NCC , Rover Ranger





**26 January 2025:76 Republic day**

**Programme Incharge– समस्तस्टाफ**









**26 January 2025: 76 Republic day**

**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**





Azadi Ka Amrit Mahotsav

G20 भारत 2023 INDIA

वसुधैव कुटुम्बकम्

ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

**26 January 2025:76 Republic day**

**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**





**26 January 2025:76 Republic day**

**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**





**26 January 2025:76 Republic day**

**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**

# आरके पीजी कालेज में सांसद इकरा हसन ने किया ध्वजारोहण



❍ सांसद इकरा हसन आरके पीजी कालेज में ध्वजारोहण करते, प्राचार्य प्रो. सत्येन्द्रपाल विधायक प्रसन्न चौधरी का स्वागत करते। **छाया पीपीजे न्यूज**

**शामली** (पीपीजे न्यूज)। 76वें गणतंत्र दिवस को राष्ट्रीय किसान कॉलेज परिसर मे बहुत धूमधाम से मनाया गया। जिसमे मुख्य अतिथि सांसद इकरा हसन एवं सदर विधायक प्रसन्न चौधरी उपस्थित थे।

सांसद इकरा हसन द्वारा ध्वजारोहण के पश्चात प्राचार्य प्रो. सत्येन्द्र पाल द्वारा शिक्षा आयोग से प्राप्त संदेश को सबके सामने प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथियों द्वारा महाविद्यालय के प्राध्यापकों डॉ गजराज सिंह, डॉ संजीव कुमार, डॉ सी. बी. पटेल, डॉ रोहित राणा, डॉ दीपक तोमर एवं डॉ अजय कुमार सिंह को उनके उत्कृष्ठ शैक्षणिक योगदान के लिए व महाविद्यालय के कार्मिकों अरविन्द कुमार एवं नीरज कुमार को उनके विशेष उपलब्धि पर प्राचार्य पदक से सम्मानित किया। साथ ही शैक्षिक सत्र २०२३-२४ मे विश्वविद्यालय स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो को विभिन्न पदकों से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमे महाविद्यालय के प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष, अन्य सदस्य, महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी उपस्थित रहे।

**26 January 2025:76 Republic day**
**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**

6 | दैनिक जनवाणी मेरठ, मंगलवार, 28 जनवरी 2025 मुजफ्फरनगर/शामली
| www.dainikjanwani.com |

# स्कूलों में शान से फहराया तिरंगा

## बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत कर जगाई देशभक्ति की अलख, कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले बच्चों का सम्मान किया



आरके पीजी कॉलेज में कार्यक्रम में मौजूद सांसद इकरा हसन।



वीवी इंटर कॉलेज में एनसीसी कैडेट को प्रशस्ति पत्र देते विधायक मैनेजर व प्रिंसिपल। ■ फोटो : जनवाणी



लांसर्स पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती नन्ही बच्चियां।

● जनवाणी संवाददाता, शामली

जनपद के शिक्षण संस्थाओं में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर रंगारंग देशभक्ति कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने देशभक्ति की अलख जगाई। कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले बच्चों को पुरस्कारों से सम्मानित भी किया गया।

शामली शहर के आरके पीजी कालेज में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में सांसद इकरा हसन, सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, प्रधानाचार्य सतेन्द्र पाल, डा. राजराज सिंह, डा. संजीव कुमार, डा. सीबी पटेल, डा. रोहित राणा, डा. दीपक तोमर, डा. अजय कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

शामली शहर के वीवी इंटर कालेज में गणतंत्र दिवस पर सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, कालेज संरक्षक संजय संगल, प्रबंधकारिणी अध्यक्ष डा. पंकज गर्ग, उप प्रबंधक शिवचरण संगल, प्रेमकिशोर कोठारी, नीरज संगल, प्रधानाचार्य एसके आर्य ने ध्वजारोहण किया। एनसीसी कैडेट्स ने कैप्टन रजनीश कौरी तथा सैकेंड आफिसर डा. दिनेश कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।



सत्यनारायण इंटर कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। ■ फोटो : जनवाणी

लांसर्स पब्लिक स्कूल शामली में प्रबंधक यश देव लाठियान और प्रधानाचार्य सुभाष चंद ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

बीएसएम स्कूल शामली में मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सुरवीर सिंह, प्रधानाचार्य राहुल चौधरी और और उप प्रधानाचार्या अनु चौहान द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राष्ट्रगान के साथ हुआ। बच्चों की झांकियों ने देश की विविधता, एकता और गौरवशाली इतिहास को सजीव रूप से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक में शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल में भी गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। ध्वजारोहण पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं, शिक्षकों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक राजकुमार गर्ग, राजीव गर्ग, नितिन गर्ग, प्रधानाचार्या आशु त्यागी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

रॉक गोल्ड एकेडमी शामली में गणतंत्र दिवस पर विद्यालय चेयरमैन सुनील गोयल और प्रधानाचार्या अनिता सिवाच ने समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर ध्वजारोहण किया। स्काउट एवं गाइड के छात्र-छात्राओं ने परेड के दौरान झंडे को सलामी दी। बच्चों ने विभिन्न प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। वाइस चेयरमैन शिखर गोयल, डायरेक्टर प्रियांक गोयल व स्टाफ मौजूद रहा।

श्री सत्यनारायण इंटर कॉलेज शामली में समिति के अध्यक्ष एसके बंसल, सुशील कुमार गर्ग ने ध्वजारोहण करके किया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रबंधक राजीव संगल, अमित एडवोकेट, शरद जैन, अरविंद गर्ग, सतीश कुमार गोयल, मोहित कम्बोज, राजकुमार, मनोज गर्ग, वर्षा गर्ग, नीरू संगल, कृतिका गर्ग, सुचि गर्ग तथा प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा मौजूद रहे।

महाराजा सूरजमल स्कूल ऊन में अंग्रेजी के सीनियर प्रोफेसर डा. राज कुमार वर्मा एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सत्यप्रकाश आर्य ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया। मुख्य अतिथि विद्यालय चेयरमैन डा. टीपी सिंह ने कहा कि गणतंत्र दिवस की सार्थकता इस तथ्य में है कि हम अपने जीवन में नियमों एवं कर्तव्यों का पालन करें। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद शर्मा, उपप्रधानाचार्य कृष्ण वीर सिंह आदि मौजूद रहे।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल में गणतंत्र दिवस पर स्कूल अध्यक्ष चंचल गोयल, प्रबंधक विवेक संगल, मुख्य अतिथि कमल ने तिरंगा फहराया। बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य संजय कुमार, गौरव संगल, सुभाष चंद, सुमित गुप्ता आदि मौजूद रहे। सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज में गणतंत्र दिवस पर छात्राओं द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कालेज अध्यक्ष गुलशन राय, प्रबंधक रविबंसल ने ध्वजारोहण किया।

**26 January 2025:76 Republic day**

**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**



# 76वां गणतंत्र दिवस शिक्षण संस्थाओं, सामाजिक संगठनों व राजनैतिक दलों ने धूमधाम के साथ मनाया

**26 January 2025:76 Republic day**
**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**





**26 January 2025:76 Republic day**

**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**





**26 January 2025:76 Republic day**
**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**





**26 January 2025:76 Republic day**

**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**





**26 January 2025:76 Republic day**
**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**





**26 January 2025:76 Republic day**

**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**





**26 January 2025:76 Republic day**

**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**





**26 January 2025:76 Republic day**
**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**





**26 January 2025:76 Republic day**

**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**





**26 January 2025:76 Republic day,Principal's Medal**

**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**

## R.K. PG College, Shamli

(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur, Uttar Pradesh)

(NAAC "B" ACCREDIATED)

**Principal's Medal**



Dr. Ajay Kumar Singh



Dr. Rohit Rana



Dr. Gajram Singh



Dr. Sanjeev Kumar



Dr. C. B. Patel



Dr. Deepak Tomar



Arvind Kumar



Neeraj Kumar



Ms.PriyanshiBhardwaj

## 26 January 2025:76 Republic day

## Programme Incharge – समस्तस्टाफ

**List of Medals (2023-2024)**

| S.No | Name of Medals | Awarded to | Student name | Father name | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Kisan Medal In memory of known/unknown DonersAnnadatakisan, (Sponsored by the College) | Topper B.Sc. (Ag.) | LARA TOMER | SUJEET TOMER | 75.06% |
| 2. | Ch. Udey Veer Singh Medal (Sponsored by Ch. Udey Veer Singh Family) | Topper M.Sc. (Ag.) Agronomy | SAPNA DEVI | SATISH KUMAR | 83.25 2rd rank University level |
| 3 | Ch. Udey Veer Singh Medal (Sponsored by Ch. Udey Veer Singh Family) | Topper M.Sc. (Ag.) Horticulture | OMPRAKASH SHARMA | MADAN LAL SHARMA | 83.83% 5 th rank University level |
| 4. | Ch. VirenderVerma Medal (Sponsored by Verma Family) | Topper Commerce Faculty | DIWANSHI | RAJ KUMAR | 82.84 % 3rd rank University level |
| 5. | Mahendri Devi Medal (Sponsored by Prof. Satyendra Pal) | Topper – M.Sc. Physics | PRERNA JAIN | DEEPAK KUMAR JAIN | 85.60 Physics University Topper |
| 6 | Mahendri Devi Medal (Sponsored by Prof. Satyendra Pal) | Topper – M.Sc. Chemistry | GARIMA | VIMAL KISHORE | 85.10% Chemistry University Topper |
| 7 | Mahendri Devi Medal (Sponsored by Prof. Satyendra Pal) | Topper – M.Sc. Botany | APOORVA GOEL | RAVI KUMAR GOEL | 81.3 6 th rank University level |
| 8 | Mahendri Devi Medal (Sponsored by Prof. Satyendra Pal) | Topper – B.Sc. | SEJAL CHOUDHARY | SURENDRA SINGH | 85% |
| 9 | Prateek Medal (Sponsored by Prof. Satyendra Singh Arya) | Best N.C.C. Cadet(Boy) | VASHU BHAL | PARSHANT BHAL | participate in red fort prade in 26 jan 2024 |
| 10 | Prateek Medal (Sponsored by Prof. Satyendra Singh Arya) | Best N.C.C. Cadet(Girl) | TANU CHAUHAN | AYAY CHAUHAN | best cadet incatc-130 |
| 11 | Alumni Medal (Sponsored by Alumni Association of the College) | Best Athlete(Boy) | ABHINAV | DHARMENDRA | Kabaddi north zone inter university |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 12 | Alumni Medal (Sponsored by Alumni Association of the College) | Best Athlete(Girl) | YASHVI | AMIT KUMAR | Gold -judo, chesss, shooting Silver – badminton Bronze-tennis |
| 13 | Youth Medal (Sponsored by R.K PG College) | Best NSS Volunteer (Boy) | HIMANSHU | YOGEND RA | BSC AG VSEM |
| 14 | Youth Medal (Sponsored by R.K PG College) | Best NSS Volunteer (Girl) | VANSHIKA VERMA | | |
| 15 | Rover Medal (Sponsored by R.K PG College) | Best Rover (Boy) | ANSHUL SHARMA | ASHOK SHARMA | |
| 16 | Ranger Medal (Sponsored by R.K PG College) | Best Ranger (Girl) | ANJALI MAURYA | GANGAR AM MAURY A | |
| 18 | Principal's Medal (Sponsored by R.K PG College) | Cultural ICON | PRIYANSHI BHARDWAJ | RAJESH KUMAR | ONE OF THE Best in ALL /cultural Activities |
| 19 | Principal's Medal (Sponsored by R.K PG College) | Best Teacher Achiever | Dr. Ajay Kumar Singh | Assistant Professor, Ag. Botany | excellent contribution in Teaching & Research. |
| 20 | Principal's Medal (Sponsored by R.K PG College) | Best Teacher Achiever | Dr.RohitRana | Assistant Professor, Entomolo gy | excellent contribution in Teaching, Research & Innovation. |
| 21 | Principal's Medal (Sponsored by R.K PG College) | Best Teacher Achiever | Dr. Chandra Bali Patel | Assistant Professor, Botany | excellent contribution in Teaching & Research. |
| 22 | Principal's Medal (Sponsored by R.K PG College) | Best Teacher Achiever | Dr. Deepak Tomar | Assistant Professor, Chemistry | excellent contribution in Teaching & Research |
| 23 | Principal's Medal (Sponsored by R.K PG College) | Best Teacher Achiever | Dr.Sanjeev Kumar | Associate Professor, Physics | excellent contribution in Teaching & Research. |
| 24 | Principal's Medal (Sponsored by R.K PG College) | Best Teacher Achiever | Mr.Arvind Kumar | Accountan t | excellent contribution in Office & Finance Management. |
| 25 | Best office Staff (Sponsored by R.K PG College) | Best supporting staff | Mr.Neeraj Kumar | supporting staff | excellent contribution as supporting staff |
| 26 | ShamliRatna Award (Sponsored by R.K PG College) | Felicitate | Avisha Singh | Prof. Manoj Kumar | Shamli District level topper in inter mediate |

**21-22nd February 2025: National conference**

**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**



21-22nd February 2025:National Conference

Programme Incharge – समस्तस्टाफ






**21-22nd February 2025:National Conference**
**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**





**21-22nd February 2025:National Conference**
**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**






**21-22nd February 2025:National Conference**

**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**






**21-22nd February 2025:National Conference**
**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**






**21-22nd February 2025:National Conference**

**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**






**21-22nd February 2025: National Conference**

**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**






**21-22nd February 2025: National Conference**

**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**






Azadi Ka Amrit Mahotsav

भारत 2023 INDIA

वसुधैव कुटुम्बकम्

ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

**21-22[nd] February 2025: National Conference**

**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**





**21-22nd February 2025:National conference**

**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**












21-22nd February 2025:National conference
Programme Incharge – समस्तस्टाफ





**21-22nd February 2025:National conference**

**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**

| | | | |
|---|---|---|---|
|   |   |   |   |
|   |   |   |   |
|   |   |   |   |

**21-22nd February 2025:National conference**

**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**



**21-22nd February 2025:National conference**

**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**



शामली के आरके पीजी कालेज में पुस्तक का विमोचन करते अतिथि।

## आरके पीजी कालेज में राष्ट्रीय गोष्ठी आयोजित

शामली। शहर के आरके पीजी कालेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें 'कृषि और जीव विज्ञान में वर्तमान मुद्दे और चुनौतियां विषय पर चर्चा की गई। इसमें मुख्य अतिथि वाइस प्रेसिडेंट प्रबंध समिति महाराज सिंह, प्रोफेसर विजय कुमार ढाका पूर्व संकाय अध्यक्ष मां शाकंभरी विश्वविद्यालय सहारनपुर, प्रोफेसर ओंकार सिंह प्राचार्य गोचर महाविद्यालय रामपुर मनिहारान, प्रोफेसर गजे सिंह विभाग अध्यक्ष एसबीवीपी कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ, प्रोफेसर सत्येंद्र पाल प्राचार्य एवं ऑर्गेनाइजर राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आरके पीजी कॉलेज ने संयुक्त रूप से संगोष्ठी का शुभारंभ किया।

CS Scanned with CamScanner

## दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 21 से

**शामली** (पीपीजे न्यूज)। शहर के राष्ट्रीय किसान पीजी कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जाएगी।

प्राचार्य प्रो. सत्येन्द्र पाल ने बताया कि कालेज में २१-२२ फरवरी को दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कृषि और जीव विज्ञान में वर्तमान मुद्दे और चुनौतियां कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मां शाकंभरी विश्वविद्यालय सहारनपुर की कुलपति विमला वाई एवं विशिष्ट अतिथि रोहिलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर केपी सिंह भाग लेंगे। इस संगोष्ठी में देश के विभिन्न भागों से १०० से अधिक विषय विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, शिक्षक एवं शोध

**21-22nd February 2025: National conference**

**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**

# न्यूज डायरी



आरके पीजी कॉलेज में संगोष्ठी में मौजूद अतिथि। स्रोत : कॉलेज

## कृषि, जीव विज्ञान के वर्तमान मुद्दों पर डाला प्रकाश

**शामली।** राष्ट्रीय किसान पीजी कॉलेज शामली में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। पहले दिन कृषि और जीव विज्ञान में वर्तमान मुद्दे और चुनौतियां विषय पर प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि महाराज सिंह उपाध्यक्ष प्रबंध समिति आरके पीजी कॉलेज शामली, प्रोफेसर विजय कुमार ढाका पूर्व संकाय अध्यक्ष मां शाकंभरी विश्वविद्यालय सहारनपुर, प्रोफेसर ओंकार सिंह प्राचार्य गोचर महाविद्यालय रामपुर मनिहारान, प्रोफेसर गजे सिंह विभाग अध्यक्ष एसबीवीपी कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ, प्रोफेसर सुधीर कुमार प्राचार्य वीवी डिग्री कॉलेज शामली , प्रोफेसर सत्येंद्र पाल प्राचार्य एवं व्यवस्थापक राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आरकेपीजी कॉलेज शामली ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। संवाद

**21-22nd February 2025:National conference**

**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**

# वातावरण को सुरक्षित रखने के प्रति किया जागरूक

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**शामली।** राष्ट्रीय किसान पीजी कॉलेज में दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी में कृषि और जीव विज्ञान में वर्तमान मुद्दों और चुनौतियों पर चर्चा की गई। विषय विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य को उत्तम और वातावरण को सुरक्षित कैसे रखे। इसकी विस्तार से जानकारी दी। वहीं शोध छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने शोध के बारे में जानकारी दी।



गोष्ठी में बोलते प्रोफेसर।

राष्ट्रीय संगोष्ठी को 7 थीम में बांटा गया, जिसमें मुख्य सायल कंजर्वेशन, मिट्टी की गुणवत्ता, फसल की गुणवत्ता, फर्टिलाइजर और पेस्टिसाइड्स रही। जिसमें बताया गया कि कितना उपयोग कितना करना चाहिए। हरियाणा के कृष्णकांत ने बताया कि हम कई बार कीटनाशक दवा का छिड़काव करते हैं, जिससे फसल तो अच्छी हो जाती है, लेकिन हमारा स्वास्थ्य पर उसका गलत प्रभाव पड़ता है।

हरियाणा एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय से पहुंचे अनुज राणा ने फसलों के विकारों को दूर करने के लिए विभिन्न जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एग्रीकल्चर का अर्थ तो उत्पादन से है, साथ में किस तरह से हम अपने स्वास्थ्य को भी उत्तम रख सके और अपने वातावरण को भी सुरक्षित रख सके इन बातों की जानकारी दी।

हरियाणा से आए कृषि प्रोफेसर राहुल डाका ने खेती से निकलने वाले कार्बनिक पदार्थ के बारे में बताया। संगोष्ठी में देश भर से विषय विशेषज्ञ वैज्ञानिक शिक्षक एवं शोध छात्र छात्राओं द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। राष्ट्रीय संगोष्ठी में महाविद्यालय के एग्रीकल्चर के पीजी छात्रों को भी जोड़ा गया।

प्राचार्य डॉक्टर सत्येंद्रपाल ने आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि मां शाकंभरी विश्वविद्यालय की कुलपति वाई विमला व विशिष्ट अतिथि बुंदेल खंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर केपी सिंह रहे।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार की जानकारी से किसानों को भी फायदा होगा और लोगों के स्वास्थ्य भी उत्तम रहेगा। कुलपति की ओर से कॉलेज के यंग साइंटिस्ट का अवॉर्ड एंटोमोलॉजी डिपार्टमेंट के डॉक्टर रोहित राणा को प्रदान किया गया।

**21-22nd February 2025: National conference**

**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**


शामली से प्रकाशित नम्बर 1 प्रातःकालीन दैनिक

# नवचेतन सत्यभाष

(डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)

शामली, रविवार 23 फरवरी 2025

satyabhash7@gmail.com | web.www.navchetanasatyabhash.com


## आर के पीजी कालेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

**सत्यभाष संवाददाता**

**शामली।** शहर के आरके पीजी कालेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन हो गया। यह संगोष्ठी कृषि और जीव विज्ञान में वर्तमान मुद्दे और चुनौतियों पर की गई। जिसमें कई राज्यों से पहुंचे छात्र-छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किए और जानकारियों को साझा किया।

शनिवार को मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य प्रोफेसर सुधीर कुमार रहे। इस संगोष्ठी में देश भर से विषय विशेषज्ञ वैज्ञानिक शिक्षक एवं शोध छात्र छात्राओं द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। आरके पीजी कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर सतेंद्र पाल ने बताया कि यह संगोष्ठी एग्रीकल्चर विभाग में पहली बार हुई है। एग्रीकल्चर में जो आजकल नए-नए समस्या और इश्यूज हैं, उन पर डिस्कशन के लिए हैस 'राष्ट्रीय संगोष्ठी' का आयोजन कृषि और जीव विज्ञान में वर्तमान मुद्दे और चुनौतियां विषय पर किया गया है। इस अवसर पर कुलपति द्वारा यंग साइंटिस्ट का अवार्ड एंटोमोलॉजी डिपार्टमेंट के डा. रोहित राणा को प्रदान किया गया। प्राचार्य ने बताया कि इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में कुल ७ थीम में बांटा गया जिसमें मुख्य सायल कंजर्वेशन, मिट्टी की गुणवत्ता, फसल की गुणवत्ता, फर्टिलाइजर और पेस्टिसाइड्स जो इस्तेमाल कर रहे है के बारे में है। कितना उपयोग कितना करना चाहिए किस मात्रा में करना चाहिए उसके बारे में है। किस तरह की फार्मिंग अच्छी मानी जाती है। गोष्ठी मे बताया गया कि फसलों को पेड़ो को पहुंच रहे नुकसान से हम किस तरीके से निजात पा सके और अपने उत्पादों को बेहतर बना सकते है। वर्तमान में जिस तरीके से पेस्टिसाइड का इस्तेमाल हो रहा है उसे हम खुद को और अपने वातावरण को किस तरीके से बचा पाएंगे इसके ऊपर भी चर्चा की गई। कहा कि एग्रीकल्चर का अर्थ तो उत्पादन से है ही साथ में किस तरह से हम अपने स्वास्थ्य को भी उत्तम रख सके और अपने वातावरण को भी सुरक्षित रख सके। सभी पर विचार करने की जरूरत है।



## रासेयो शिविर के पांचवें [दिन] सुरक्षा व शारीरिक श्रम

**सत्यभाष संवाददाता**

**शामली।** महाविद्यालय जैन कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बनत (शामली) द्वारा रैदासी मन्दिर बनत मे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के पंचम दिवस पर नशा मुक्ति कार्यक्रम सड़क सुरक्षा व शारीरिक श्रम विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राहुल सिसौदिया तथा थाना सिसौदिया तथा थाना प्रभारी और MSU, NSS के अधिकारी डॉ० भूपेन्द्र कुमार तथा कॉलेज प्राचार्या डॉ० पारूल जैन व डॉ० अनुपमा शर्मा एवं कार्यक्रम अधिकारी योगेन्द्र कुमार ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित किया। स्वयं सेवकों द्वारा सरस्वती वन्दना लक्ष्य गीत की सुन्दर प्रस्तुति दी और नशा मुक्ति पर पोस्टर व गीत के माध्यम से नशे से होने वाली बीमारियों के बारे मे जानकारी दी। तथा स्वयंसेवकों ने बनत के पैट्रोल पम्प पर जाकर सड़क सुरक्षा तथा यातायात के नियमों तथा बिना हेलमेट के पेट्रोल नही दिया जायेगा इस नियम के विषय मे नगर वासियों को जानकारी दी।

कार्यक्रम में कॉलेज के मुख्य अतिथि डॉ० भूपेन्द्र कुमार एवं राहुल सिसौदिया स.इस्पेक्टर शामली ने

**21-22nd February 2025: National conference**

**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**


# पूरब पश्चिम ज्योति

डी.ए.वी.पी. भारत सरकार, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश से विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त **हिन्दी दैनिक**

वर्ष : 40 अंक : 53 रविवार 23 फरवरी 2025 शामली आरएनआई नं: 46064/86 एक प्रति: 1 रुपया पृष्ठ: चार




# कृषि उत्पादन और किसानों का मुनाफा बढ़ाने पर विचार

## कृषि और जीव विज्ञान में वर्तमान मुद्दे और चुनौतियों पर दो दिवसीय गोष्ठी संपन्न



प्राचार्य प्रोफेसर सतेंद्रपाल गोष्ठी के समापन अवसर पर संबोधित करते हुए। छाया पीपीजे न्यूज

**शामली** (पीपीजे न्यूज)। शहर के आरके पीजी कालेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न हो गयी। यह संगोष्ठी कृषि और जीव विज्ञान में वर्तमान मुद्दे और चुनौतियों पर की गई। जिसमें देशभर से विषय विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, शिक्षक एवं शोध छात्र, छात्राओं ने व्याख्यान प्रस्तुत किये।

प्राचार्य प्रोफेसर सतेंद्रपाल ने बताया, राष्ट्रीय संगोष्ठी में एग्रीकल्चर में नई-नई समस्याओं पर चर्चा की गई। जिसमें भारत के कई इंस्टीट्यूट, यूनिवर्सिटी, कॉलेजों के शोधार्थी, स्टूडेंट, साइंटिस्ट आदि लगभग १६० डेलीगेट शामिल हुए। जिन्होंने अपने रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए। राष्ट्रीय किसान कॉलेज में विगत तीन महीने में यह दूसरी राष्ट्रीय कांफ्रेंस है। उन्होंने कहा, यह कॉलेज के इतिहास में पहली एग्रीकल्चर कॉन्फ्रेंस है। जिसका मुख्य उद्देश्य आजकल कृषि संबंधित जो मुख्य इश्यूज और चैलेंज हैं उनके बारे में चर्चा करना। जिससे उन पर नवाचार हो सके और अनुसंधान व रिसर्च हो सके। वह रिसर्च एस्टेब्लिश होने के बाद हमारे किसानों तक या यह कहिए लैब से लैंड तक पहुंच पाएगी। नवाचार रिसर्च होने के बाद जो निष्कर्ष होती है वह जमीन पर आती है या यह कह लीजिए कि वह किसानों तक पहुंच पाती है। सरकार आजकल विभिन्न माध्यमों से एग्रीकल्चर में नवाचार के कार्यक्रम कर रही है। मुझे बहुत गर्व हो रहा है, आरकेपीजी कॉलेज का सौभाग्य है, इस तरह की गैलेक्सी बनी है, जहां की विभिन्न तरह के वैज्ञानिक अपने-अपने विचारों का आदान, प्रदान कर रहे हैं। किस प्रकार से एग्रीकल्चर में प्रोडक्शन बढ़ पाएगी और किस तरीके से किसान लाभान्वित हो पाएगा...

साइंटिस्ट का अवार्ड एंटोमोलॉजी डिपार्टमेंट के डॉक्टर रोहित राणा को प्रदान किया। उन्होंने बताया, संगोष्ठी में कुल 7 थीम में बांटा गया जिसमें मुख्य सॉयल कंजर्वेशन, मिट्टी की गुणवत्ता, फसल की गुणवत्ता, फर्टिलाइजर और पेस्टिसाइड्स जो इस्तेमाल कर रहे हैं के बारे में है। कितना उपयोग कितना करना चाहिए किस मात्रा में करना चाहिए उसके बारे में है। किस तरह की फार्मिंग अच्छी मानी जाती है के बारे में जो वैज्ञानिकों के विचार साझा किया। बहुत सारी कीट ऐसे हैं जो हमारे फसलों को पेड़ों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, उनसे हम किस तरीके से निजात पा सकें और अपने उत्पादों को बेहतर बना सकें। वर्तमान में जिस तरीके से पेस्टिसाइड का इस्तेमाल हो रहा है उसे हम खुद को और अपने वातावरण को किस तरीके से बचा पाएंगे इसके ऊपर भी चर्चा की गई। एग्रीकल्चर का अर्थ तो उत्पादन से है, साथ में किस तरह से हम अपने स्वास्थ्य को भी उत्तम सुरक्षित रख सकें इन सारी बातों पर चर्चा की गई।

भारत के किसान अभी अपने डेवलपिंग स्टेज पर हैं और इस दौरान बहुत तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है, लेकिन भारत जैसे कृषि प्रधान देश में कृषि का महत्व अद्वितीय है और इसके विकास के साथ ही देश का विकास भी संभव है। कोरोना काल में भी अन्य सेक्टरों की तुलना में कृषि सेक्टर पर हमारे देश की महत्वता अधिक थी। इसलिए कृषि में गुणवत्ता के लिए भारत सरकार की भी पहल रहती है। इस तरह के राष्ट्रीय कांफ्रेंस से जो नए-नए नवाचारों का आदान-प्रदान होता है और अंत में किसान भी लाभान्वित होते हैं। इससे न केवल बड़े किसान अपितु छोटे किसान भी लाभान्वित होंगे। छोटे किसानों के लिए महाविद्यालय स्तर पर एक टीम का गठन किया गया है जो उन्हें बीच बीच में जाकर के नवीन तकनीक और नवाचार के बारे में उन्हें जागरूक करेंगे। इस राष्ट्रीय सेमिनार से प्राप्त नवाचार विचारों और फाइंडिंग्स को आगामी भविष्य में किसान मेला के अंतर्गत आसपास के क्षेत्र के किसानों को लाभान्वित किया जाएगा ताकि उनके उत्पाद और अपने फसल फसलों में गुणवत्ता प्राप्त कर सकें। इस राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में महाविद्यालय के एग्रीकल्चर के पीजी छात्रों को भी जोड़ा गया है क्योंकि इनमें से अधिकतर कृषि बैकग्राउंड से हैं जिससे कि वह भी लाभान्वित हो पाएंगे। कॉन्फ्रेंस में आए सभी डेलीगेट्स के लिए ठहरने आने जाने की व्यवस्था की गई है। विभिन्न सेशन के बेस्ट ओरल प्रेजेंटेशन और पोस्टर प्रेजेंटेशन को भी सम्मानित किया। प्राचार्य ने सभी आगंतुकों और कॉलेज स्टाफ का आभार प्रकट किया।

# मंदिर के नाम पर चंदे को लेकर रोष

**शामली** (पीपीजे न्यूज)। शनिवार को शहर के मोहल्ला पंसारियान स्थित एकता बारादरी में प्राचीन सिद्धपीठ शीतला माता धाम, वाल्मीकि आश्रम की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कुछ लोगों द्वारा मंदिर के नाम पर काटे जा रहे चंदे है, लेकिन संज्ञान में आया है कि कुछ लोगों द्वारा पितृ स्थल की भूमि के नाम से चंदे की रसीद काटी जा रही है। जिसका समिति खंडन करती है और रोष व्यक्त करती है। कहा कि उक्त रसीद काटने में शामिल अमरपाल चौधरी व संजय सिरसवा दोनों

**21-22nd February 2025:National conference**

**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**









21-22nd February 2025:National conference

Programme Incharge – समस्तस्टाफ






**21-22nd February 2025: National conference**

**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**

# आठ राज्यों से पहुंचे विशेषज्ञ ने छात्रों को दिए जैविक खेती के टिप्स

- राज्य सरकार की ओर से आरके पीजी कालेज में कार्यशाला
- आज भी चलेगी कार्यशाला, 10 राज्यों से पहुंचे छात्र-छात्राएं

जागरण संवाददाता, शामली : जैविक खेती से पैदा होने वाली फसल इंसान की सेहत के लिए तो अच्छी होती है, मिट्टी की सेहत और मित्र कीटों के लिए भी लाभदायक होती है। सरकार की ओर से भी जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में राज्य स्तर से एक कार्यशाला का आयोजन शहर के आरके पीजी कालेज में किया गया। जिसमें दस प्रदेशों से 120 विशेषज्ञ, शोध और छात्र-छात्राएं पहुंचे हैं। पहले दिन मिट्टी की सेहत और जैविक खेती पर हो चर्चा की गई।

शहर के आरके पीजी कालेज के प्रोफेसर रोहित राणा ने भी कृषि और जीव विज्ञान में वर्तमान मुद्दे और चुनौतियों पर दो दिवसीय कार्यशाला के लिए आवेदन किया था। कार्यशाला का शुभारंभ कालेज प्रबंधक समिति के उपाध्यक्ष महाराज सिंह, प्राचार्य सत्येंद्र पाल सिंह, प्रोफेसर विजय कुमार ढाका आदि ने किया। पहले दिन आठ प्रदेशों से 80 व्यक्ति पहुंचे। कार्यक्रम में प्रथम चरण में मिट्टी के स्वास्थ्य को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें मुजफ्फरनगर के श्रीराम कालेज से पहुंचे निदेशक डा. अशोक कुमार ने कई जिलों से पहुंचे छात्र-छात्राओं को मिट्टी की सेहत को कैसे ठीक रखा जाए, इस संबंध में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि मिट्टी में 17 पोषक तत्व पाए जाते हैं। छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया कि सरकार की ओर से मिट्टी हेल्थ कार्ड चला रहे है, मिट्टी की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए भी जानकारी दी गई। इस दौरान डॉ. ओमपाल सिंह, प्राचार्य सुधीर कुमार और विजय कुमार ढाका आदि मौजूद रहे।

**दूसरे चरण में जैविक खेती पर हुई चर्चा :** एसवीबीपी कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ के विभाग अध्यक्ष डॉ. पजे सिंह ने छात्र-छात्राओं को जैविक खेती और उसके फायदे को लेकर संबोधित किया। बताया कि केंचुए की खाद से भूमि उपजाऊ व जलधारण क्षमता में वृद्धि होती है। पर्यावरण के दृष्टिकोण से भू-जलस्तर पर में वृद्धि होती है तथा पानी के प्रदूषण में कमी आती है। कचरे का उपयोग होने से कचरा निस्तारण की समस्या नहीं रहती। बीमारियां भी नहीं होती। उन्होंने बताया कि सिंचाई के अंतराल में वृद्धि से मेहनत व खर्च में कमी आती है। रासायनिक खाद पर निर्भरता कम होती है। इससे फसल की लागत कम आती है और मनुष्य की सेहत को भी नुकसान नहीं होता है।



शामली के आरके पीजी डिग्री कालेज में गोष्ठी में उपस्थित प्रोफेसर • जागरण



मैं भी अपने अभिभावकों के साथ खेती करता हूं। कई बार ऐसा होता है कि हम फसलों में कई बार कीटनाशक दवाईयों का भी छिड़काव करते है। जिससे फसलें तो अच्छी हो जाती है, लेकिन हमारी सेहत पर उसका असर पड़ता है। जैविक खेती से कई लाभ है।

कृष्णकांत शर्मा, बुलंदशहर



आरके पीजी कालेज में आयोजित कार्यशाला में कृषि और जीव विज्ञान में वर्तमान मुद्दे और चुनौतियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। हम भी कार्यशाला में शामिल होने के लिए शामली पहुंचे थे। यहां बहुत लाभ मिला। इस प्रकार के कार्यक्रम होते रहने चाहिए।

सचिन, करनाल, हरियाणा



कृषि और जीव विज्ञान में वर्तमान मुद्दे और चुनौतियों को लेकर कार्यशाला के लिए आवेदन किया था। सरकार की ओर से स्वीकृति मिलने के बाद कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें कई राज्यों से छात्र-छात्राएं, विशेषज्ञ आदि लोग शामिल हुए। आज यानी शनिवार को भी कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

डा. रोहित राणा, आयोजक



कार्यशाला में मिट्टी की सेहत के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। जिससे जैविक खेती को भी लाभ मिलेगा। कार्यशाला बेहतर थी। ऐसी कार्यशाला से कृषि से जुड़े लोगों को बेहद लाभ मिलता है।

प्रगति, पानीपत, हरियाणा



जैविक खेती के कई लाभ की जानकारी मिली है। जैविक खेती करने से मिट्टी की सेहत भी ठीक होती है और जैविक खेती से उगाई गई फसलों से आमजन को भी कोई नुकसान नहीं होता।

सागर चौधरी, हिसार हरियाणा



21-22nd February 2025:National conference

Programme Incharge – समस्तस्टाफ





**21-22[nd] February 2025:National conference**

**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**






**21-22nd February 2025:National conference**

**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**











**21-22nd February 2025:National conference**
**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**





**21-22nd February 2025:National conference**
**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**









**24 February 2025:kisan Mela**

**Programme Incharge – Agriculture Department**







**25 February 2025:NSS one day camp**
**Programme Incharge – NSS**






**25 February 2025:NSS one day camp**

**Programme Incharge – NSS**






**25 February 2025:NSS one day camp**
**Programme Incharge – NSS**






**25 February 2025:NSS one day camp**
**Programme Incharge – NSS**


# पूरब पश्चिम ज्योति

डी.ए.वी.पी. भारत सरकार, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश से विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त **हिन्दी दैनिक**





वर्ष : 40 अंक : 56 बुधवार 26 फरवरी 2025 **शामली** आरएनआई नं: 46064/86 एक प्रति: 1 रुपया पृष्ठ: चार


# निबंध प्रतियोगिता में प्रिंसी विजेता



रासेयो स्वयंसेवक सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकालते हुए। **छाया पीपीजे न्यूज**

**शामली** (पीपीजे न्यूज)। राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में पर्यावरण सुरक्षा पर निबंध प्रतियोगिता में प्रिंसी वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

आरकेपीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय व तृतीय इकाई के प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य सत्येंद्र पाल, डॉ आरपी सिंह, पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ सौरव कुमार पांडे तथा डॉ सीबी पटेल ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया। छात्राओं द्वारा एनएसएस गान गाया गया। शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य व आगे के कार्यक्रमों की रूपरेखा से अवगत करना था। प्राचार्य ने स्वयं के प्रति तथा समाज के प्रति स्वयंसेवकों के कर्तव्य/दायित्व एवं उनके प्रसार प्रचार आदि के बारे में विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। प्रो आरपी सिंह ने पर्यावरण की महत्व व सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में पर्यावरण सुरक्षा पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रिंसी वर्मा प्रथम, सौरभ द्वितीय तथा खुशी गोयल तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम के अगले चरण में स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई व एक रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ श्रीकांत वार्ष्णेय ने बताया, इस वर्ष में शासन की मंशा के अनुरूप मलिन बस्ती तथा किसी ग्राम में आर्थिक सर्वेक्षण कर जागरूकता अभियान चलाए जाने हैं। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुनील कुमार श्रोती ने किया। इस अवसर पर प्रो पीके सिंह, डॉ गायत्री त्रिपाठी, सत्येंद्र शर्मा, अरविंद कुमार, विनायक, विकास कुमार, विनोद चौधरी आदि उपस्थित रहे।

**28 February 2025: साइबर सिक्योरिटी के विषय में Programme**

**Programme Incharge – NSS**



# कहीं फंस गए हैं तो न घबराएं...हिम्मत दिखाएं

संवाद न्यूज एजेंसी

शामली। अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से शहर के आरके पीजी कॉलेज में पुलिस की पाठशाला का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि एसपी रामसेवक गौतम ने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा व नए कानून संबंधी पहलुओं पर जानकारी दी। कहा कि यदि कहीं फंस गए हैं हालात विपरीत हैं तो भी घबराने की बजाय हिम्मत दिखाएं।

उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम इस वक्त की सबसे चिंतनीय समस्या है, इसके लिए न सिर्फ खुद को जागरूक करना है, बल्कि परिवार के लोगों को भी सजग करना है। कोई भी छात्रा किसी भी अंजान नंबर से वीडियो कॉल रिसीव न करें। किसी को भी वॉयस मैसेज न भेजें, किसी भी गलत लिंक पर क्लिक न करें। भविष्य में डिजिटल करेंसी चलने वाली है, जिससे सरकार की बचत होगी और खाते में जाने वाला पैसा भी तुरंत दिखेगा। सभी को अपनी प्राइवेसी बचाकर रखनी होगी। आजकल फर्जी पुलिस वाले बनकर भी साइबर ठग धोखा कर रहे हैं। कभी भी सोशल मीडिया पर गलत मैसेज न डालें। यातायात के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि बिना लाइसेंस व बिना हेलमेट कोई वाहन न चलाएं। पाठशाला का संचालन डॉक्टर रोहित राणा ने किया। प्राचार्य डॉक्टर सत्येंद्र पाल शर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान श्रीकांत वार्ष्णेय, डॉक्टर सुनील कुमार श्रोती, डॉक्टर सुरेंद्रपाल, डॉक्टर प्रीतम कुमार रहे।

शामली के राष्ट्रीय किसान डिग्री कॉलेज में छात्र-छात्राओं के साथ एसपी रामसेवक गौतम व प्राचार्य सत्यपाल सिंह। संवाद

## कोई दिक्कत हो तो 112 का करें उपयोग

एसपी ने कहा कि सरकार की ओर से मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत महिलाओं के लिए 1090, 1076, 181, 112 नंबर जारी किए हैं। यह नंबर इसलिए जारी किए गए हैं कि यदि आप कहीं फंस जाएं तो फोन करके मदद मांग सकें।

## छात्र-छात्राओं ने पुलिस पर जताया भरोसा

कार्यक्रम के दौरान एसपी ने छात्र-छात्राओं से पूछा कि कितने लोगों को पुलिस पर भरोसा है। जवाब में सभी छात्र-छात्राओं ने हाथ उठाकर बताया कि उन्हें पुलिस पर भरोसा है। इस पर एसपी ने बताया कि सड़क से लेकर घर के बाहर तक सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस निभाती है।

**शामली में राष्ट्रीय किसान डिग्री का ॅलेज में आयोजित की गई पुलिस की पाठशाला**

[https://www.amarujala.com/video/uttar-pradesh/shamli/video-police-school-was-organized-in-national-kisan-degree-college-in-shamli?client=android&client_new=au_revamp](https://www.amarujala.com/video/uttar-pradesh/shamli/video-police-school-was-organized-in-national-kisan-degree-college-in-shamli?client=android&client_new=au_revamp)

**04 march 2025: NSS one day camp**

**Programme Incharge – NSS**

# जल संरक्षण के प्रति स्वयंसेवकों ने निकाली रैली

जागरण संवाददाता, शामली : आरके पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय इकाई की ओर से मंगलवार को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों व स्वयं सेविकाओं ने गांव मुंडेट कलां में जल संरक्षण, जल जागरूकता व प्रतिबंधित पालीथिन हटाओ को लेकर रैली निकाली और ग्रामीणों को जागरूक किया।

शहर के आरके पीजी कालेज में आयोजित रासेयो के प्रथम एवं द्वितीय इकाई के एक दिवसीय शिविर का शुभारंभ कालेज प्राचार्य डा. सतेंद्र पाल, कार्यक्रम अधिकारी डा. रोहित राणा व डा. सुनील कुमार ने किया। प्राचार्य ने बताया कि रासेयो युवाओं को समाजसेवा एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रेरित करता है। स्वयंसेवकों का मुख्य कर्तव्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। इसके बाद स्वयंसेवकों ने गांव मुंडेट कलां में जल संरक्षण, जल जागरूकता एवं पालीथिन हटाओ को लेकर रैली निकाली। स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व एवं पालीथिन से होने वाले नुकसान के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को जल की बर्बादी रोकने और पानी का सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया।



आरकेपीजी डिग्री कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर स्वच्छता अभियान को लेकर रैली में उपस्थित छात्र एवं शिक्षक • सौ. स्वयं

## छात्र–छात्राओं की समस्याओं को लेकर प्राचार्य से मिले

शामली : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक आकाश भारती के नेतृत्व में मंगलवार को अभाविप के पदाधिकारियों ने वीवी पीजी कालेज के प्राचार्य को प्रार्थना पत्र देते हुए छात्र-छात्राओं की समस्याओं से अवगत कराया। कहा कि विषम सेमेस्टर की परीक्षा फरवरी में समाप्त हो चुकी है और विवि द्वारा सम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म 25 फरवरी को जारी किए गए हैं। अप्रैल में परीक्षा प्रस्तावित है, जो विषम सेमेस्टर की परीक्षा समाप्त होने के अंतराल दो महीने में कराई जा रही है। किसी भी कोर्स का सिलेबस अभी तक पूरा नहीं हुआ है, इसलिए सिलेबस को पूरा होने व परीक्षाओं की तैयारियों के लिए कम से कम चार महीने का समय दिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इन समस्याओं का उचित समाधान न हुआ तो अभाविप आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएगी। इस मौके पर अभाविप मुजफ्फरनगर विभाग संगठन मंत्री ओजस्व, जिला संयोजक आकाश, प्रांत सह सोशल मीडिया संयोजक दीपांश ऐरन, जिला विस्तारक केशव, अनुभव, अंश, एजल, देव वर्मा, विश्वास आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अपना शामली

आयोजित होने वाली शामली महोत्सव वीवी डिग्री कॉलेज में होगा

# रैली निकाल लोगों को जागरूक किया

शामली, संवाददाता। आरके पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम एवं द्वितीय इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के लिए मुंडेटकलां गाँव को चयनित किया गया। शुभारंभ प्राचार्य डा. सत्येंद्र पाल एवं कार्यक्रम अधिकारी डा. रोहित राणा एवं डा. सुनील कुमार श्रोती के कर-कमलों द्वारा किया गया। इसके उपरांत स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत गाया। प्राचार्य डा. सत्येंद्र पाल ने विचार रखे। मुंडेट कलां में जल संरक्षण एवं जल जागरूकता तथा पोलिथीन हटाओ को लेकर एक रैली निकाली।

https://www.amarujala.com/video/uttar-pradesh/shamli/video-shamli-awareness-rally-taken-out

**04 march 2025: NSS one day camp**

**Programme Incharge – NSS**

# स्वयंसेवकों का मुख्य कर्तव्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाना–सत्येंद्र पाल



रासेयो स्वयंसेवक जल जागरूकता रैली निकालते हुए। छाया पीपीजे न्यूज

शामली (पीपीजे न्यूज)। राष्ट्रीय किसान पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम एवं द्वितीय इकाई के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम मुंडेट कलां में स्वयंसेवकों ने समाजहित में गतिविधियों का संचालन किया।

शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. सत्येंद्र पाल ने किया। शुभारंभ ज्ञान और विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। प्राचार्य ने संबोधन में बताया, राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को समाज सेवा व राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों का मुख्य कर्तव्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। उन्होंने कहा कि शिविर के दौरान जो भी कार्य सौंपा जाए, उसे पूरी निष्ठा और लगन से करें। इस प्रकार के शिविर से स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व का विकास होता है और वे एक बेहतर नागरिक एवं समाजसेवी के रूप में उभरते हैं।

स्वयंसेवकों ने गांव मुंडेट कलां में जल संरक्षण एवं जल जागरूकता तथा पॉलिथीन हटाओ को लेकर एक रैली निकाली। इस दौरान स्वयंसेवकों ने ग्रामवासियों को जल संरक्षण के महत्व एवं पॉलिथीन से होने वाली हानियों के बारे में जानकारी दी एवं उन्हें जल बचाने के उपायों से अवगत कराया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रोहित राणा ने कहा कि इस प्रकार के शिविर न केवल सामाजिक सेवा की भावना को प्रबल करते हैं, बल्कि छात्रों के व्यक्तित्व विकास में भी सहायक सिद्ध होते हैं। इस एक दिवसीय शिविर ने स्वयंसेवकों को समाज सेवा का महत्व समझाया और उनके भीतर एक जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना जागृत की। शिविर से सभी प्रतिभागियों में एक नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुनील कुमार श्रोती आदि उपस्थित थे।

# रैली निकालकर ग्रामीणों को किया जागरूक

शामली। शहर के आरके पीजी कालेज में आयोजित रासेयो के प्रथम एवं द्वितीय इकाई के एक दिवसीय शिविर का शुभारंभ कालेज प्राचार्य डा. सतेन्द्र पाल, कार्यक्रमाधिकारी डा. रोहित राणा व डा. सुनील कुमार श्रोती ने किया। प्राचार्य ने बताया कि रासेयो युवाओ को समाजसेवा एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों का मुख्य कर्तव्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। इसके बाद स्वयंसेवकों ने गांव मुंडेट कलां में जल संरक्षण, जल जागरूकता एवं



पालीथीन हटाओ को लेकर रैली निकाली। स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व एवं पालीथीन से होने वाले नुकसान के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को जल की बबार्दी रोकने और पानी का सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

**05 march 2025: Farewell Maths Group**

**Programme Incharge – Department of Mathematics & Statistics**






**05 march 2025: Farewell Maths Group**

**Programme Incharge – Department of Mathematics & Statistics**





**05 march 2025: Farewell Maths Group**

**Programme Incharge – Department of Mathematics & Statistics**






**06 march 2025:“दहेज मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा एवं “नशा मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा”**

**Programme Incharge – समस्तस्टाफ**

https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSeoCghyqwdK_57rsbW5Y-YygY-XkQ3e13kHC5GWij5inNNhHQ/viewform



राष्ट्रीय महिला आयोग

प्रमाणपत्र

दहेज विरोधी शपथ

मैं ........ RK PG College Shamli UP ........

सत्यनिष्ठा से शपथ लेती / लेता हूं कि मैं दहेज के पक्ष में कोई कृत्य नहीं करूंगी / करूंगा। मैं विवाह संस्था को किसी भी वाणिज्यिक हित से मुक्त करने के लिए जी जान से काम करूंगी / करूंगा और जो कोई इसे बढ़ावा देगा उसके विरुद्ध चट्टान की तरह खड़ी रहूँगी / खड़ा रहूँगा।

5953273968

March, 06 2025

राष्ट्रीय महिला आयोग, भूखंड सं.-21, जसोला संस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली - 110025

वेबसाइट - www.ncw.nic.in



MINISTRY OF HOME AFFAIRS

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो

जिन्दगी को हाँ और नशे को ना कहें

प्रमाण-पत्र

यह प्रमाणित किया जाता है कि

RK PG College Shamli

'जिन्दगी को हाँ और नशे को ना कहें' संकल्प लिया है और नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने में सहयोग और इससे दूर रह कर एक स्वस्थ जीवन जीने के लिए खुद को प्रतिबद्ध किया है।

6967758942

March, 06 2025

**07 march 2025-NSS Activity**

**Programme Incharge – NSS**



शामली के आरके पीजी कालेज में साफ सफाई करते स्वयंसेवक।

## कॉलेज प्रांगण में चलाई स्वच्छता अभियान

शामली। शहर के आरके पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई का एक दिवसीय शिविर की थीम स्वच्छता एवं अनुशासन रही। जिसमें स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया शुभारंभ पूर्व प्रफ़ेसर आरपी सिंह एवं कार्यक्रम अधिकारी डा. रोहित राणा ने किया।पूर्व प्रफेसर आरपी सिंह ने विचार रखे। जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता एवं अनुशासन से संबंधित संदेश लिखे और पोस्टर लगाए।

**08 march 2025-International Women Day**

**Programme  Incharge – Women Cell**





**17 march 2025-Campus Placement**

**Programme Incharge – Dr M R Sani**

# प्लेसमेंट में चार छात्रों का चयन



आरके पीजी कालेज में छात्रा से साक्षात्कार लेते हुए। छाया पीपीजे न्यूज

**शामली** (पीपीजे न्यूज)। शहर के आरके पीजी कालेज में कृषि संकाय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र छात्राओं के लिए कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। सोमवार को महाविद्यालय की ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा 'एनबुशर (एबी) ऐनबेव अन्तर्राष्ट्रीय कम्पनी' में इन्टर्नशिप ट्रेनी पद के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया गया। जिसमें कंपनी के सीनियर मैनेजर मानव अरोड़ा, रिर्चस एवं डेवलपमेंट ऑफिसर आरिश कुमार एवं सौरभ कुमार ने कृषि स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्रों को कम्पनी की प्रोफाइल, व्यावसायिक संगठन तथा भविष्य की योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। छात्रों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर संवाद स्थापित किया। प्लेसमेंट अधिकारी डा.एमआर सैनी ने बताया कि एबी ऐनबेव कम्पनी में कृषि संकाय से स्नातक एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के कुल चार छात्रों का चयन हुआ है। प्राचार्य प्रोफेसर सत्येंद्र पाल ने सभी चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विशाल कुमार, सुमित, नितिन, तरुण, करण और विजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

# आरके पीजी कालेज में कृषि संकाय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र छात्राओं के लिए कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन

**सत्यभाष संवाददाता**

**शामली।** शहर के आरके पीजी कालेज में कृषि संकाय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र छात्राओं के लिए कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। सोमवार को महाविद्यालय की ट्रैनिंग एवं प्लेसमेंट सैल द्वारा 'एनबुशर (एबी) ऐनबेव अन्तर्राष्ट्रीय कंम्पनी' में इंटर्नशिप ट्रेनी पद के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया गया।

जिसमें कंपनी की ओर से आए सीनियर मैनेजर मानव अरोड़ा, रिर्चस एवं डेवलपमेंट ऑफिसर आरेश कुमार एवं सौरभ कुमार ने कृषि स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्रों को कम्पनी की प्रोफ़ाइल, व्यावसायिक संगठन तथा भविष्य की योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। छात्रों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर संवाद स्थापित किया। प्लेसमैंट अधिकारी डा.एमआर सैनी ने बताया कि एबी ऐनबेव कम्पनी में कृषि संकाय से स्नातक एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के कुल चार छात्रों का चयन हुआ है। प्राचार्य प्रोफेसर सत्येंद्र पाल ने सभी चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर विशाल कुमार, सुमित, नितिन, तरुण, करण और विजय कुमार आदि उपस्थित रहे।



**17 march 2025-Campus Placement Programme Incharge – Dr M R Sani**

# कैंपस प्लेसमेंट में कृषि संकाय के चार छात्रों का चयन

शामली। शहर के आरके पीजी कालेज में कृषि संकाय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र–छात्राओं के लिए कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट में चार छात्रों का चयन होने पर कालेज प्रबंधन ने बधाई दी है। सोमवार को आरके पीजी कालेज में कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। इस मौके पर कालेज की ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सैल द्वारा एनबुशर ऐनबेव अंतर्राष्ट्रीय कंपनी में इंटरशिप ट्रेनी पद के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया गया। कंपनी की ओर से आए सीनियर मैनेजर मानव अरोडा, रिसर्च एवं डेवलपमेंट आफिसर आरेश कुमार व सौरभ कुमार ने कृषि स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्रों को कंपनी की व्यवसायिक संगठन तथा भविष्य




की योजना के बारे में जानकारी दी। प्लेसमेंट अधिकारी डा. एमआरसैनी ने बताया कि एबी एनेबेव कंपनी ने कृषि संकाय से स्नातक एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के चार छात्रों का चयन किया है। चयनित छात्रों को कालेज के प्राचार्य डा. सतेन्द्र पाल ने बधाई दी। इस मौके पर विशाल, सुमित, नितिन, तरूण, करण, विजय अदि भी मौजूद रहे।



**17 march 2025-Campus Placement**
**Programme Incharge – Dr M R Sani**





**19 march 2025-NSS Seven day special Camp**

**Programme Incharge – NSS UNIT I,II,III**



## आर के पीजी कालेज में रासेयो के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन



**19 march 2025-NSS Seven day special Camp**

**Programme Incharge – NSS UNIT I,II,III**


# पूरब पश्चिम ज्योति



डी.ए.वी.पी. भारत सरकार, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश से विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त **हिन्दी दैनिक**

वर्ष : 40 अंक : 78 शुक्रवार 21 मार्च 2025 **शामली** आर.एन.आई. नं.: [illegible] एक प्रति: 1 रुपया पृष्ठ: चार


## रासेयो स्वयंसेवकों ने निकाली रैली, स्वच्छता को किया जागरूक



एनएसएस स्वयंसेवक स्वच्छता जागरूकता रैली निकालते हुए। **छाया पीपीजे न्यूज**

**शामली** (पीपीजे न्यूज)। शहर के आरके पीजी कालेज की रासेयो द्वितीय एवं तृतीय इकाई के विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं ने मुंडेट खुर्द में रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी।

कालेज की रासेयो के द्वितीय एवं तृतीय इकाई के विशेष शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राकृतिक चिकित्सालय के डा. रामदत्त शर्मा एवं प्रो. एमके जैली द्वारा किया गया। डा.रामदत्त शर्मा ने स्वच्छता अभियान के संबंध में प्रकृति के महत्व, स्वच्छता एवं पांच तत्वों अग्नि, जल, वायु, आकाश, पृथ्वी के महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रमाधिकारी प्रो. श्रीकांत वार्ष्णेय एवं डा. एसके शोकी ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर वातावरण को कैसे स्वच्छ करें, विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें पलवी प्रथम, अमनदीप द्वितीय एवं कृष्णकांत तृतीय रहे। स्वयंसेवकों ने मुंडेट खुर्द गांव स्थित प्राकृतिक चिकित्सालय से रैली निकाली। उन्होंने ग्रामीणों को स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी।

उधर दूसरे दिन गांव सिलौन में प्रथम इकाई के शिविर का शुभारंभ सचिव भारत स्काउट एवं गाइड डा. हीरासिंह एवं कार्यक्रम अधिकारी डा.रोहित राणा ने किया। डॉ. हीरा सिंह ने बताया, चेतन मन और अचेतन मन कैसे कार्य करते हैं। उन्होंने छात्रों को अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित करने और एकाग्रता बढ़ाने के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि विद्यार्थी अपने मन को एकाग्र करके पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करें और अपने जीवन में अनुशासन को अपनाएं। स्वयंसेवकों ने राजकीय इंटर कालेज सिलौन में स्वच्छता अभियान चलाया।

**20 march 2025-NSS Seven day special Camp**
**Programme Incharge – NSS UNIT I,II,III**

# आरके पीजी कालेज के शिविर का किया शुभारंभ

- कॉलेजमें सात दिवसीय विशेष का हुआ प्रारंभ
- शुभारंभ प्राचार्य सत्येंद्रपाल ने किया

शामली, संवाददाता। शहर के आरके पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। प्रथम दिन का शुभारंभ बुधवार को प्राचार्य प्रोफेसर सत्येंद्र पाल के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के अगले चरण में स्वयं सेविकाओं द्वारा एनएसएस गान गाया गया। कार्यक्रम अधिकारी डा. रोहित राणा, डा. एसके श्रोती एवं श्रीकांत वार्ष्णेय उपस्थित रहे। प्रथम इकाई ने अपने सेवा कार्यों के लिए स्वयं सेवकों ने गांव लिलौन को चुना। द्वितीय एवं तृतीय इकाई ने छोटी मुंडेट कला गांव को चुना। प्राचार्य प्रोफेसर सत्येंद्र पाल ने राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एनएसएस न केवल युवाओं में सामाजिक जागरूकता उत्पन्न करता है, कार्यक्रम अधिकारियों ने स्वयंसेवकों को शिविर की रूपरेखा एवं उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डा.. रोहित राणा व डा. एसके श्रोती ने बताया कि यह विशेष शिविर न केवल ग्रामीण विकास में सहायक सिद्ध होगा, बल्कि स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



# शिविर में स्वयंसेवकों को अनुशासन की महत्ता बताई

- राजकीय इंटर कॉलेज लिलौन में स्वच्छता अभियान चलाया

**19 march 2025-NSS Seven day special Camp**
**Programme Incharge – NSS UNIT I,II,III**



## निरंतर प्रकृति का दोहन करने से हो रहा पर्यावरण असंतुलित

शामली। आरके कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई के शिविर के तीसरे दिन गांव लिलौन में शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि प्रकृति प्रेमी समूह शामली के अध्यक्ष डा. अंकित मालिक, व डा. सीबी पटेल, डा. सौरव पांडेय, एवं कार्यक्रम अधिकारी डा. रोहित राणा द्वारा शुभारंभ किया, मुख्य अतिथि डा. अंकित मालिक ने ने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम में अतिथियों ने राजकीय इंटर कॉलेज लिलौन में वृक्षारोपण किया।

Scanned with CamScanner



**21 march 2025-Quiz**
**Programme Incharge – Dr M R Sani**

# आर के पीजी कालेज में क्विज कांटेस्ट का आयोजन

**सत्यभाष संवाददाता**

**शामली।** शहर के आरके पीजी कालेज में क्वेस्ट ग्रेजुएट क्विज कांटेस्ट का आयोजन किया गया। शुक्रवार को महाविद्यालय की ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा पानीपत इंस्टिट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (पीआईईटी) के तत्वावधान में क्विज कांटेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें महाविधालय के विज्ञान, वाणिज्य एवं कृषि संकाय के स्नातक अन्तिम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस कान्टेस्ट का दूसरा चरण अप्रैल माह मे पानीपत इंस्टिट्यूट में आयोजित होगा। जिसमें चयनित छात्रों को लाखों रुपये की छात्रवृत्ति के साथ साथ अन्य पुरस्कार जैसे लैपटह्प, टैबलेट, स्मार्टवह्च आदि वितरित किए जायेंगे। इस कह्न्टेस्ट का उद्देश्य प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना तथा उन्हे आर्थिक सहायता प्रदान करना है।

इस क्विज कांटेस्ट को प्लेसमेंट अधिकारी डा. एम आर सैनी, पीआईईटी टीम सदस्य मोहित संगल एवं नईम अहमद द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर मनीषा, पूजा, अंजलि, अनुष्का, स्नेहा, सौरव, अभिषेक और विशु सैनी आदि उपस्थित रहे।

**21 march 2025-Quiz**

**Programme Incharge – Dr M R Sani**



# क्वेस्ट ग्रेजुएट क्विज कांटेस्ट में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया

- विज्ञान-वाणिज्य संकाय के छात्रों ने लिया भाग
- प्रतिभाशाली छात्रों को प्रोत्साहित किया गया

**शामली, संवाददाता।** आरके कॉलेज में क्वेस्ट ग्रेजुएट क्विज कांटेस्ट के अंतर्गत महाविद्यालय की ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा पानीपत इंस्टिट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (पीआईईटी) के तत्वावधान में क्विज कांटेस्ट का आयोजन किया गया।

जिसमें महाविधालय के विज्ञान, वाणिज्य एवं कृषि संकाय के स्नातक अंतिम वर्ष के छात्र- छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस कॉन्टेस्ट का दूसरा चरण अप्रैल माह मे पानीपत इंस्टिट्यूट में आयोजित होगा। जिसमें चयनित छात्रों को लाखों रुपये की छात्रवृत्ति के साथ साथ अन्य पुरस्कार जैसे लैपटॉप, टैबलेट, स्मार्टवॉच आदि वितरित किए जायेंगे। इस कॉन्टेस्ट का उद्देश्य प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना तथा उन्हे आर्थिक सहायता प्रदान करना है। इस क्विज कांटेस्ट को प्लेसमेंट अधिकारी डा. एम आर सैनी, पीआईईटी टीम सदस्य मोहित संगल एवं नईम अहमद द्वारा सम्पन्न कराया गया। मनीषा, पूजा, अंजलि, अनुष्का, स्नेहा, सौरव, अभिषेक और विशु सैनी आदि उपस्थित रहे।

CS Scanned with CamScanner

**22 march 2025-NSS Seven day special Camp**
**Programme Incharge – NSS UNIT I,II,III**






**22 march 2025-Annual Sports Day**
**Programme Incharge – Dr Praveen Ahmed**









**22 march 2025-Annual Sports Day**
**Programme Incharge – Dr Praveen Ahmed**





**22 march 2025-Annual Sports Day**
**Programme Incharge – Dr Praveen Ahmed**






**22 march 2025-Annual Sports Day**

**Programme Incharge – Dr Praveen Ahmed**






**22 march 2025-Annual Sports Day**

**Programme Incharge – Dr Praveen Ahmed**






**22 march 2025-Annual Sports Day**

**Programme Incharge – Dr Praveen Ahmed**






भारत का सबसे विश्वसनीय न्यूज़ ऐप
इनस्टॉल करें दैनिक भास्कर और पाएं लोकल न्यूज़

**किसान कॉलेज के वार्षिक खेलकूद में छात्र-छात्राओं का उत्साह:** 100 से 1500 मीटर दौड़ समेत कई प्रतियोगिताएं हुई, विशाल और नेहा बने बेस्ट एथलीट
https://dainik.bhaskar.com/Jj6rR2OuWRb

6:37 pm

https://dainik.bhaskar.com/Jj6rR2OuWRb

**22 march 2025-Annual Sports Day**

**Programme Incharge – Dr Praveen Ahmed**

# सौ मीटर में प्रियांशी और दीपक ने मारी बाजी

**कार्यक्रम**

शामली, संवाददाता। शहर के आरके पीजी कालेज में वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें कालेज के महिला पुरुष खिलाडियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मुख्य अतिथि महिला महाविद्यालय कांधला की पूर्व प्राचार्या प्रमेद कुमारी एवं कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर सत्येंद्र पाल ने प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। जिसमें 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, बैडमिंटन, शॉटपुट, लॉन्ग जंप, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो के छात्र एवं छात्राओं के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। डा. प्रवीण अहमद एवं डा. पीके सिंह द्वारा निर्णायक मंडल का गठन किया गया जिसमें आकांक्षा चौधरी, अंजू विश्वकर्मा, नगमा, अपर्णा, पूनम एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक सम्मिलित रहे। 100 मीटर दौड़ में प्रियांशी प्रथम, नेहा द्वितीय एवं छाया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कों की 100 मीटर दौड़ में दीपक प्रथम, विशाल द्वितीय तथा अंशुल शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर की दौड़ में विशाल प्रथम, मोहम्मद अनस द्वितीय तथा आकाश कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कियों में प्रथम नेहा, छाया द्वितीय एवं प्राचीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 100 मीटर दौड़ में प्रियांशी प्रथम, हिमांशी द्वितीय तथा रिया ने तृतीय स्थान ग्रहण किया। लड़कों में विशाल प्रथम, मोहम्मद अनस द्वितीय और आशीष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डा. प्रवीन अहमद सहायक प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद द्वारा विभिन्न विजेता टीमों को बधाई दी गई।



शामली के आरके पीजी कालेज में दौड़ प्रतियोगिताओं में भाग लेती छात्राएं। • हिन्दुस्तान

**22 march 2025-Annual Sports Day**

**Programme Incharge – Dr Praveen Ahmed**

# पूरब पश्चिम ज्योति

डी.ए.वी.पी. भारत सरकार, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश से विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त **हिन्दी दैनिक**




वर्ष : 40 अंक : 80 रविवार 23 मार्च 2025 **शामली** आर.एन.आई. नं.: 4806/06 एक प्रति: 1 रुपया पृष्ठ: चार

# प्रियांशी तथा दीपक ने जीती 100 मीटर दौड़

## विशाल एवं नेहा को मिला बेस्ट एथलीट का खिताब



प्रमाणपत्र विजेताओं को पुरस्कृत करते, दौड़ में भाग लेते खिलाड़ी। **छाया पीडीजे न्यूज**

**शामली** (पीडीजे न्यूज)। आर्के पीजी कालेज में वार्षिक क्रीडा महोत्सव में 100 मीटर दौड़ में प्रियांशी तथा दीपक स्थान पर रहे। इस अवसर पर बेस्ट एथलीट विशाल एवं नेहा को सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय किसान पीजी कालेज में शनिवार को वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि महिला महाविद्यालय कांधला की पूर्व प्राचार्या प्रमोद कुमारी एवं प्रोफेसर सत्येंद्र पाल प्राचार्य राष्ट्रीय किसान पीजी कॉलेज की अध्यक्षता में किया गया। 100 मी, 200 मी, 400 मी, 800 मीटर, 1500 मी, बैडमिंटन, शॉट पुट, लॉन्ग जंप, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। डॉ प्रवीण अहमद एवं डॉ पीके सिंह ने निर्णायक मंडल का गठन किया जिसमें आकांक्षा चौधरी, अंजु विश्वकर्मा, नाजमा, अरुणा, पूनम एवं कालेज के प्राध्यापक सम्मिलित रहे।

100 मीटर दौड़ में प्रियांशी प्रथम, नेहा द्वितीय एवं खुशबू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और लड़कों की 100 मीटर दौड़ में दीपक प्रथम, विशाल द्वितीय तथा अंकुल वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर की दौड़ में विशाल प्रथम, अनस द्वितीय तथा आकाश कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं लड़कियों में प्रथम नेहा, खुशबू द्वितीय एवं प्राचीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 100 मीटर दौड़ में प्रियांशी प्रथम, हिमांशी द्वितीय तथा रिया ने तृतीय स्थान तथा लड़कों में विशाल प्रथम अजय, अर्शीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर बेस्ट एथलीट छात्र 2025 विशाल एवं बेस्ट एथलीट छात्रा 2025 नेहा को सम्मानित किया गया।

**22 march 2025-NSS Seven day special Camp**

**Programme Incharge – NSS UNIT I,II,III**

# पूरब पश्चिम ज्योति

डी.ए.वी.पी. भारत सरकार, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश से विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त हिन्दी दैनिक

वर्ष : 40 अंक : 81 सोमवार 24 मार्च 2025 शामली आर.एन.आई. नं.: 46064/86 एक प्रति: 1 रुपया पृष्ठ: चार



## 'पर्यावरण को बचाने के लिए ज्यादा वृक्ष लगाएं'






आरकेपीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक वृक्षारोपण और जागरूकता रैली निकालते हुए। छाया पीपीजे न्यूज

**शामली** (पीपीजे न्यूज)। आरकेपीजी कॉलेज के प्रो. पीके सिंह ने पृथ्वी पर वन कम होने से बिगड़ रहे पर्यावरण को बचाने के लिए ज्यादा वृक्ष लगाने पर जोर दिया।

कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय एवं तृतीय इकाई के विशेष शिविर में प्रो. पीके सिंह ने कहा, पर्यावरण संतुलन रखने लिए पृथ्वी का 33 प्रतिशत क्षेत्रफल वनों से आच्छादित होने चाहिए, किंतु यह लगभग 22 प्रतिशत है। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के साथ ऋग्वेद के श्लोक का भी वर्णन किया। 'दस कूप समावापी, दस वापी समाह्रदः दस ह्रद समो पुत्रो, दश पुत्र समो द्रुमः।'

प्रो. आरपी सिंह ने वास्तु शास्त्र के अनुसार पौधों को रोपने का महत्व बताया। ज्योति सैनी ने कविता प्रस्तुत की-'मानव ने अपनी खुशियों को मार दिया, जब उसने कुल्हाड़ी से पेड़ काट दिया। मानव यदि पेड़ों का उपकार भूल जाएगा। आने वाले समय में बड़ा ही पछताएगा'। यशवी ने पर्यावरण की जागरूकता के पर चर्चा में एयर क्वालिटी इंडेक्स, ओड और इवन फार्मूला, ड्रिप वेरी ड्रिल आदि की जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी श्रीकांत वार्ष्णेय, डॉ सुनील कुमार श्रोती के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने वृक्षारोपण किया। पर्यावरण सुरक्षा पर निबंध प्रतियोगिता में प्रिंसी वर्मा प्रथम, यशवी व आदीन परवीन संयुक्त रूप द्वितीय एवम् वैष्णवी पाल तृतीय स्थान पर रही।

उधर प्रथम इकाई के विशेष शिविर के पांचवें दिन 'कृषि एवं आयुर्वेद' पर किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, जैविक कीटनाशकों तथा आयुर्वेद के महत्व की जानकारी दी गई। वैद्य रामकुमार शर्मा ने बताया, आयुर्वेद केवल एक चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवनशैली है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ बनाए रखने में सहायक होती है। उन्होंने प्राकृतिक औषधियों, जड़ी-बूटियों एवं दैनिक जीवन में योग अपनाने के लाभों की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को यह बताया कि किस प्रकार वे आयुर्वेदिक खेती अपनाकर रसायनमुक्त उत्पादन कर सकते हैं, जिससे उनकी भूमि की उर्वरता बनी रहेगी और उनकी सेहत पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अजय कुमार ने कहा, गन्ने की फसल में 'टॉप शूट बोरर', 'पायरीला', 'दीमक' आदि प्रमुख कीट भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं, जिनका समय पर नियंत्रण आवश्यक है। उन्होंने रोगों की पहचान करने के सरल उपायों पर प्रकाश डाला, जिससे किसान फूलने, पीले पड़ने या सूखने जैसी समस्याओं को प्रारंभिक अवस्था में ही समझकर उनका समाधान निकाल सकें। उन्होंने जैविक कीटनाशकों और समन्वित कीट प्रबंधन (आईपीएम) तकनीक की उपयोगिता पर जोर दिया। उन्होंने किसानों को बताया, रासायनिक कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से भूमि की उर्वरता घटती है, जिससे दीर्घकालिक फसल उत्पादन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके विपरीत, जैविक कीटनाशकों एवं प्राकृतिक शत्रुओं (जैसे कि ट्राइकोडर्मा, लेडीबर्ड बीटल, एनपीवी वायरस) का उपयोग करके कीटों को नियंत्रित किया जा सकता है। स्वयंसेवकों ने गांव में लिलौन जागरूकता रैली निकाली, जिसमें किसानों एवं ग्रामीणों को कृषि समस्याओं और उनके समाधान के प्रति सचेत किया और आधुनिक कृषि तकनीकों, जैविक खेती, उचित उर्वरक प्रबंधन एवं जल संरक्षण के महत्व को बताया गया। डॉ. रोहित राणा ने बताया कि जलवायु परिवर्तन के कारण फसल उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिससे किसानों को अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है।

**22 march 2025-NSS Seven day special Camp**

**Programme Incharge – NSS UNIT I,II,III**

# सामाजिक समरसता के महत्व को बताया

**शिविर**

- जागरूकता अभियानों के अंतर्गत आयोजित किया गया है
- शिविर का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है

शामली, संवाददाता। शहर के आरके पीजी कालेज में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई के सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन का आयोजन विधिवत रूप से किया गया। यह विशेष शिविर समाज सेवा, शारीरिक और मानसिक विकास तथा जागरूकता अभियानों के अंतर्गत आयोजित किया गया है।

क्षेत्र के गांव लिलौन में स्वयंसेवकों को ग्रामीण जीवन, सामाजिक समरसता और फिटनेस के महत्व से अवगत कराया जा रहा है। इस शिविर की थीम फिट इंडिया मूवमेंट रही। जिसका उद्देश्य लोगों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। मुख्य अतिथि जिला मंत्री क्रीड़ा भारती नितिन वर्मा व विशिष्ट अतिथि मुकेश चौधरी तथा कार्यक्रम अधिकारी डा. रोहित राणा ने स्वयं सेवकों को जागरूक किया। योगाचार्य श्रीपाल धामा ने स्वयंसेवकों को विभिन्न योगासन कराए और योग के महत्व पर प्रकाश डाला। योग के शारीरिक और मानसिक लाभों को बताते हुए कहा कि यह न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति और संतुलन बनाए रखने में भी सहायक होता है। योग अभ्यास के बाद सभी स्वयंसेवकों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ। नितिन वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखना भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली में मनुष्य लगातार तनाव और मानसिक अवसाद का शिकार होता जा रहा है। जितनी तकनीकी प्रगति हो रही है, उतनी ही मानसिक समस्याएं भी बढ़ रही हैं। उन्होंने शरीर स्वस्थ रखने पर जोर दिया। खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें रस्सी चढ़ना, दंड बैठक, दौड़ रहे।



एनएसएस शिविर में फिटनेस गतिविधियां करते स्वयं सेवक।



**24 march 2025-NSS Seven day special Camp**

**Programme Incharge – NSS UNIT I,II,III**

# पूरब पश्चिम ज्योति



डी.ए.वी.पी. भारत सरकार, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश से विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त **हिन्दी दैनिक**

वर्ष : 40 अंक : 82 मंगलवार 25 मार्च 2025 शामली

# वाहन चलाते समय यातायात नियमों का स्वतः पालन करें-एआरटीओ



एआरटीओ रोहित राजपूत एनएसएस कैंप का उद्घाटन करते हुए। **छाया पीपीजे न्यूज**

**शामली** (पीपीजे न्यूज)। आरके पीजी कालेज की रासेयो के विशेष शिविर में एआरटीओ रोहित राजपूत ने स्वयंसेवकों से कहा, सड़क पर वाहन चलाते समय हमें यातायात नियमों का स्वतः पालन करना चाहिए। 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के सात दिवसीय शिविर के 6वें दिन मुख्य अतिथि एआरटीओ रोहित राजपूत ने कहा, सड़क पर चलते सतर्कता और यातायात के नियमों का पालन ही सुरक्षित यात्रा की कुंजी है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि जिस प्रकार कॉलेज आने जाने के लिए कोई विशेष निर्देश नहीं देता फिर भी हम अपने अनुभव के आधार पर सही मार्ग अपनाते हैं ठीक उसी प्रकार सड़क पर वाहन चलाते समय हमें यातायात नियमों का स्वतः पालन करना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति नहीं है और इस नियम का पालन अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए। सत्येंद्र शर्मा ने बताया कि जीवन में अनुशासन का विशेष स्थान है स्वयंसेवक यातायात के नियमों का पालन ही नहीं अपितु अपने परिवार एवं समाज के अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें जिससे सड़क दुर्घटना में कमी लायी जा सके। स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा के तहत एक रैली का आयोजन किया। जिसको एआरटीओ एवं डा. सौरव कुमार पांडे द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डा. रोहित राणा आदि उपस्थित थे।

**24 march 2025-NSS Seven day special Camp**
**Programme Incharge – NSS UNIT I,II,III**


# आयुर्वेद एक संपूर्ण जीवनशैली

शामली, संवाददाता। शहर के आरके पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को कृषि एवं आयुर्वेद से जुड़ी नवीनतम जानकारियां प्रदान करना था।

रविवार को स्वयं सेवकों को कृषि एवं आयुर्वेद के विषय पर बताया। जिसके अंतर्गत किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, जैविक कीटनाशकों तथा आयुर्वेद के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस आयोजन के माध्यम से स्वयंसेवकों को कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के उपायों से परिचित कराया गया। साथ ही, ग्रामीण समुदायों को पारंपरिक और वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों का समन्वय करके अधिक उपज प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि वैद्य रामकुमार शर्मा, विशिष्ट अतिथि अजय कुमार, व कार्यक्रम का संचालन डा. रोहित राणा ने विचार रखे।कहा कि आयुर्वेद केवल एक चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवनशैली है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ बनाए रखने में सहायक होती है।




आरके पीजी कालेज में आयोजित शिविर में उपस्थित स्वयं सेवक व अतिथि।



VIDEO : शामली: सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

शामली: सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

www.amarujala.com

https://www.amarujala.com/video/uttar-pradesh/shamli/video-shamli-made-aware-about-road-safety-2025-03-24?client=android&client_new=au_revamp

5:26 pm

https://www.amarujala.com/video/uttar-pradesh/shamli/video-shamli-made-aware-about-road-safety-2025-03-24?client=android&client_new=au_revamp

**28 march 2025-NSS**

**Programme Incharge – NSS UNIT I,II,III**


# पूरब पश्चिम ज्योति

डी.ए.वी.पी. भारत सरकार, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश से विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त हिन्दी दैनिक

वर्ष : 40 अंक : 85 शुक्रवार 28 मार्च 2025 शामली




## बीमारियों से बचाव की जानकारी दी



छात्राएं निबंध प्रतियोगिता में भाग लेते हुए। छाया पीपीजे न्यूज

**शामली** (पीपीजे न्यूज)। रासेयो तृतीय इकाई के शिविर में छात्राओं को महिला स्वास्थ्य जागरूकता के बीमारियों एवं उनसे बचाव के संबंध में जानकारी दी गयी।

आरके पीजी कालेज की रासेयो तृतीय इकाई के एक दिवसीय शिविर का शुभारंभ प्राचार्य सत्येन्द्र पाल ने किया। इस अवसर पर प्रो. गायत्री त्रिपाठी ने महिला स्वास्थ्य जागरूकता के तहत छात्राओं को मलेरिया, थायराइड, उच्च रक्तचाप संबंधी बीमारियों से बचाव के संबंध में जानकारी दी, इसके अलावा डा. दर्शना ने छात्राओं को माहवारी सम्बन्धी समस्याओं से होने वाली बीमारियों के विषय में जागरूक किया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्रीकांत वार्ष्णेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में स्नेहा, निशा, मुस्कान, हिमांशी आदि स्वयं सेविकाओं ने विभिन्न बीमारियों जैसे कोरोना, डेंगू, कैंसर, अस्थमा, एड्स, आदि बीमारियों से बचाव एवं निदान के बारे में चर्चा की। इसके बाद एक निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया गया जिसमें भूमि प्रथम, रिया द्वितीय व आरती तृतीय स्थान पर रही।

## 8 को रोजगार मेला

**शामली** (पीपीजे न्यूज)। प्लेसमेंट प्रभारी डा. मनिराम व प्राचार्य सत्येन्द्र पाल ने बताया, आरके पीजी कालेज में 8 अप्रैल को जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वावधान में रोजगार मेले का आयोजन होगा। मेले में विभिन्न प्रदेशों की प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। जिसमें विज्ञान, वाणिज्य, कृषि संकाय के इच्छुक छात्र-छात्रायें प्रतिभाग कर सकते है।

# RashtriyaKisan (P.G) College Shamli

**October, November, December (IV Quarter) 2025**

**02/10/ 2025:Gandhi and Lal bahadur Shastri Jayanti**
**Programme Incharge –All Staff**






Azadi Ka Amrit Mahotsav

G20 भारत 2023 INDIA

वसुधैव कुटुम्बकम्

ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

**02/10/ 2025:Gandhi and Lal bahadur Shastri Jayanti**

**Programme Incharge –All Staff**

# धूमधाम से मनाई गई गांधी जयंती




**शामली** (पीपीजे न्यूज)।शहर के आरके पीजी कालेज गांधी जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर फूल अर्पण कर की गई। इसके बाद भारतीय संविधान विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने भर-चढ़कर भाग लिया। सेमिनार का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को संविधान के नीति निर्देशक तत्व, मूल कर्तव्य, मूल अधिकार, मूल रचना, अनुच्छेदों तथा उनमें हुए संशोधन के बारे में अवगत कराना था।जिसमें प्रथम प्रिया, द्वितीय विशाखा तथा तृतीय तनिष्का रही।मौके पर डॉ. श्रीकांत वार्ष्णेय, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अजय कुमार, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

**06.10.2025: Intercollegiate Judo (M/W) 2025 , MSU**
**Programme Incharge: Prof. Praveen Ahmed**






**06.10.2025: Intercollegiate Judo (M/W) 2025 , MSU**

**Programme Incharge: Prof. Praveen Ahmed**






शामली के आरके पीजी कालेज के विजेता खिलाडी।

# आरके कॉलेज ने जूडो प्रतियोगिता में जीते रजत

शामली। मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय की 4जी अंतर महाविद्यालय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन एमएल एंड जेएनके महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सहारनपुर द्वारा किया गया। आरके पीजी कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रोफेसर प्रवीन अहमद ने बताया कि पुरुष वर्ग में अभिषेक -90 किग्रा और उदित बालियान 100 किग्रा ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीते।

**06.10.2025: Intercollegiate Judo (M/W) 2025 , MSU**
**Programme Incharge: Prof. Praveen Ahmed**


# पूरब पश्चिम ज्योति

डी.ए.वी.पी. भारत सरकार, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश से विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त **हिन्दी दैनिक**

वर्ष : 40 अंक : 277 मंगलवार 07 अक्तूबर 2025 शामली आरएनआई नं: [illegible] एक प्रति: 1 रुपया पृष्ठ: चार


## अभिषेक और उदित ने जीता रजत पदक



**शामली** (पीपीजे न्यूज)। 4जी अंतर महाविद्यालय जूडो प्रतियोगिता अभिषेक और उदित बालियान रजत पदक हासिल किए।

सोमवार को मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय की 4जी अंतर महाविद्यालय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन एमएल एंड जेएनके महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय सहारनपुर ने किया। प्रतियोगिता में आरके पीजी कॉलेज की पुरुष और महिला टीम ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रोफेसर प्रवीन अहमद ने बताया कि पुरुष वर्ग में अभिषेक –90 किग्रा और उदित बालियान +100 किग्रा ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीते। इस उपलब्धि पर कॉलेज प्राचार्य एवं क्रीड़ा समिति की सदस्यों डॉ. दर्शना और कुमारी गायत्री ने टीम के सदस्यों और डॉ. प्रवीण अहमद, एवं खेलकूद को बधाई दी और खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।

**17.10. 2025: District level Agricultural Conference**
**Programme Incharge –Agricultural faculty(Dr Rohit Rana)**



**17.10. 2025: District level Agricultural Conference**
**Programme Incharge –Agricultural faculty(Dr Rohit Rana)**

# पूरब पश्चिम ज्योति

डी.ए.वी.पी. भारत सरकार, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश से विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त **हिन्दी दैनिक**



वर्ष : 40 अंक : 288 शनिवार 18 अक्तूबर 2025 **शामली** एक प्रति: 1 रुपया पृष्ठ: चार

## जनपदीय गोष्ठी में किसानों से पराली नहीं जलाने की अपील



मुख्य विकास अधिकारी किसानों को संबोधित करते हुए। **छाया पीपीजे न्यूज**

**शामली** (पीपीजे न्यूज)। आयल सीड्स योजना में जनपद स्तरीय गोष्ठी, मेला का आयोजन शुक्रवार को एक मैरिज होम में किया गया। मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद वीरेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने किसानों से फसल अवशेष नहीं जलाने की अपील की। कृषि वैज्ञानिक डा साविन्द्र प्रवेश ने फसल अवशेष प्रबंधन में सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम, हैप्पी सीडर, रीपर-कम-बाइंडर, रोटावेटर आदि के प्रयोग एवं संचालन के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी ने कहा, पराली नहीं जलाने पर जोर देते हुए कहा, यदि किसान या आम व्यक्ति फसल अवशेष, कूड़ा करकट जलाता है तब जमीन में स्थित कार्बन पदार्थ नष्ट हो जाता है व जब किसान उस जमीन में खेती करता है तो उस फसलोत्पादन में अधिक लागत लगानी पड़ती है व अप्रत्यक्ष रूप से आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है।

फसल अवशेष का अन्य प्रयोगों के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रीय किसान पीजी कालेज के प्रोफेसर डा रोहित राणा बताया कि फसल अवशेष को खेत में जलाने के बजाय उसका इन-सिटू प्रबंधन करके खेत में ही मिलाना किसानों के लिए आर्थिक रूप से लाभकारी और पर्यावरण के लिए हितकारी है। इससे सतत कृषि को बढ़ावा मिलता है। फसल अवशेष मिट्टी में सूक्ष्मजीवों के लिए भोजन का कार्य करते हैं। इससे मिट्टी में सूक्ष्मजीवों की सक्रियता बढ़ती है, जो पौधों के लिए पोषक तत्वों को उपलब्ध कराते हैं।

ब्लाक प्रमुख डा. विनोद मलिक ने पर्यावरण संरक्षण पर विचार प्रकट करते हुए जनपद में ईंट भट्ठों से निकल रही विभिन्न गैसों से हो रहे प्रदूषण पर दुख प्रकट किया। जिला कृषि अधिकारी प्रदीप कुमार यादव ने कृषि यंत्रीकरण योजनाओं पर हो रही आनलाईन बुकिंग प्रारम्भता के बारे में बताया। गन्ना के साथ सरसों की बुवाई के फायदे बताये। सहफसली व मिश्रित खेती की विस्तृत जानकारी किसानों को दी। उप कृषि निदेशक प्रमोद कुमार ने पराली जलाने पर सख्त कार्रवाई की जानकारी दी। जलसिंह, संजय ठाकुर, वेदपाल, जितेंद्र कुमार, सोमपाल आदि प्रगतिशील किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

**16.10. 2025: Kisan Mela Visit**

**Programme Incharge –Agricultural faculty (Dr Rohit Rana)**






**16.10. 2025: Kisan Mela Visit**

**Programme Incharge –Agricultural faculty (Dr Rohit Rana)**





**16.10. 2025: CST , Lucknow, Uttar Pradesh**

**Programme Incharge –Project Incharge (Dr Rohit Rana)**

---

Email: rkpgcollege1@yahoo.com

# R.K. (PG) COLLEGE, SHAMLI

(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)

**Accredited with NAAC 'B' Grade**

Ref. E/VII-6/

Dated: 16/09/2025

**Walk in Interview**

**Applications are invited** to attend a walk-in interview for one post of **Junior Research Assistant (JRA)** under the **Council of Science and Technology, Lucknow, Uttar Pradesh** (vide sanction order no. CST/AAS/D-1362 dated 29/08/2025) sponsored Research Project entitled: ***"Refinement, Revalidation and Implementation of Sustainable Integrated Pest Management (IPM) Strategies in the Basmati Rice Ecosystem: Enhancing Crop Productivity and Ensuring Environmental Safety."***

Eligible candidates should email their complete CV in the prescribed format (Annexure-I), providing full details of academic records and experience, along with self-attested photocopies of supporting documents, compiled in a single PDF file, to **rohitrana.ent@gmail.com** on or before **28.09.2025**.

The interview will be held on **29.09.2025 at 11:00 AM** in the **Department of Entomology, R.K. (PG) College, Shamli**. The terms and conditions of the project will be governed by the guidelines of CSTUP.

| Name of the Project | Name of the Position & Emoluments per month | No. of post | Qualifications |
|---|---|---|---|
| "Refinement, revalidation and Implementation of Sustainable Integrated Pest Management (IPM) Strategies in Basmati Rice Ecosystem: Enhancing Crop Productivity and Ensuring Environmental Safety" | Jr. Research Assistant (JRA)<br><br>Rs. 25,000/- per month for 1st and 2nd year<br>&<br>Rs. 28,000/- per month for 3rd year | One (01) | **Essential qualifications:**<br>• High Academic attainment with 1st class graduate and post graduate examination.<br>• M.Sc. (Ag) in Entomology / Plant Protection (Entomology) and 4 years of Bachelor's Degree in Agriculture.<br>**Desirable:**<br>• Working experience in IPM will be given preference.<br>• Working Knowledge of Computer and data analysis |


**Terms and Conditions:**

- **Age limit**: Maximum age is 28 years as on 01/04/2025.
- The position is purely **contractual/temporary** and will be **co-terminus with the project**.
- Only Indian citizens who are permanent residents of Uttar Pradesh are eligible to apply for the post of **Junior Research Assistant**.
- **Tenure of the appointment: 03 years** (The performance of the recruited JRA will be evaluated at the end of one year from the start of the project and will be extended for another one more year based on satisfactory performance.
- No TA/DA/any other expense will be paid for attending the interview.
- The candidates are directed to furnish their valid emails or phone number for ease of communication.
- The interview will be held in physical mode on **29th September, 2025 at 11:00 AM onwards in Department of Entomology, R.K. (PG) College, Shamli, U.P. 247 776.**


(Dr. Rohit Rana)
Principal Investigator
Mobile No: 9045409045
Email: rohitrana.ent@gmail.com

Principal
R.K.(P[illegible] ...LI

**25.10. 2025: Book By Dr  M R Sani**
**Programme Incharge –Dr M R Sani**



**25.10. 2025: Book By Dr  M R Sani**
**Programme Incharge –Dr M R Sani**


ICAR के नवीनतम पाठ्यक्रमानुसार

# प्रमुख पीड़क कीट एवं उनका प्रबन्धन

(Major Insect Pest and their Management)


डॉ. माँगे राम
अिसस्टेंट प्रोफेसर
कीट विज्ञान विभाग
राष्ट्रीय किसान (पी.जी.) कॉलिज
शामली–247776 उत्तर प्रदेश



कल्याणी पब्लिशर्स
लुधियाना • नई दिल्ली • नोएडा (उ०प्र०) • हैदराबाद • चेन्नई
कोलकाता • कटक • गुवाहाटी • कोच्चि • बैंगलरु

**08.11. 2025: 4 th Intercollegiate Table Tennis Tournament ,MSU**
**Programme Incharge –Prof . Praveen Ahmad**

# आर के पीजी कालेज में टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन

**सत्यपथ संवाददाता**

**शामली।** मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर की चतुर्थ अंतर महाविद्यालय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को शहर के आरके पीजी कालेज में किया गया। प्रतियोगिता का



शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोफेसर एके गुप्ता तथा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर लोकेश कुमार द्वारा मां सरस्वती एवं इबोर मोन टोगो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।

इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों एसडी पीजी कालेज मुजफ्फरनगर, श्रीराम कालेज मुजफ्फरनगर, राष्ट्रीय किसान कालेज शामली, श्रीराम कालेज अहमद लह मुजफ्फरनगर आदि के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार मुकाबले पेश किए।

कार्यक्रम का संचालन एवं आयोजन डा. प्रवीण अहमद द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर आरके पी.जी. कालेज, शामली की प्रबंध समिति के सचिव उमेश सिंह ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. एमके गैल्ली, प्रो. रजनी रानी, प्रो. पीके सिंह, डा. सौरभ कुमार पांडेय, डा. सीबी पटेल, डा. गीता देवी, डा. रानी मिश्रा, डा. सुरेन्द्रपाल, डा. अजय कुमार सिंह, डा. सचिन कुमार, डा. चारू गोयल, योगेश कुमार, देशपाल, चंद्रिकी राम आदि की विशेष भूमिका रही।

**08.11. 2025: 4 th Intercollegiate Table Tennis Tournament ,MSU**
**Programme Incharge –Prof . Praveen Ahmad**






**08.11. 2025: 4 th Intercollegiate Table Tennis Tournament ,MSU**

**Programme Incharge –Prof . Praveen Ahmad**



**02.12. 2025: Ist Intercollegiate Basket Ball Tournament ,MSU**
**Programme Incharge –Prof . Praveen Ahmad**

# बास्केटबॉल में दिखाए अपने जौहर

**शामली, संवाददाता।** आरके पीजी कालेज में मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय सहारनपुर की प्रथम अंतर महाविद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में शामली, मुजफ्फरनगर व सहारनपुर की खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मंगलवार को शहर के आरके पीजी कालेज में मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय सहारनपुर की प्रथम अंतर महाविद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भूतपर्वू पूर्व एचओडी, उद्यान विभाग प्रो.आरपी सिंह एवं कॉलेज के प्राचार्य प्रो. लोकेश कुमार ने किया। मुख्य अतिथि को मेंमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विभिन्न



शामली के आरके पीजी कालेज में प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी। • हिन्दुस्तान

महाविद्यालयों जीएमवी कॉलेज रामपुर मनिहारन, श्रीराम कॉलेज मुजफ्फरनगर, जेवी जैन कॉलेज सहारनपुर, राष्ट्रीय किसान डिग्री कालेज शामली के पुरुष वर्ग के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का सफल आयोजन शारीरिक शिक्षा विभाग से डॉ. प्रवीण अहमद द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर आरपी सिंह ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। डॉ. एमके जैल्ली, डॉ. सौरभ कुमार पांडेय, डॉ. सुरेंद्रपाल, डॉ. प्रीतम सिंह, संजीव रहे।

# आरके पीजी कालेज में बास्केट बाल प्रतियोगिता शुरू

जागरण संवाददाता, शामली : आरके डिग्री कालेज में मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय सहारनपुर की प्रथम अंतर महाविद्यालय बास्केट बाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंगलवार को कालेज में आयोजित बास्केट बाल प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व एचओडी उद्यान विभाग प्रो. आरपी सिंह व महाविद्यालय के प्राचार्य लोकेश कुमार ने किया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों जीएमवी कालेज रामपुर मनिहारान, श्रीराम कालेज मुजफ्फरनगर, जेवी जैन कालेज सहारनपुर, आरके कालेज के पुरुष वर्ग के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में श्रीराम कालेज मुजफ्फरनगर के अभय चौधरी, नमन, वैभव, शोएब प्रथम स्थान पर रहे, वहीं जेवी जैन सहारनपुर की टीम के खिलाड़ी अजय, मोहित जोशी, मधुर शर्मा व रोहन द्वितीय रहे। जेएमवी कालेज रामपुर मनिहारान की टीम लक्ष्मी सागर, वात्सल्य कुमार, मयंक व प्रिंस तृतीय रहे। प्रतियोगिता



शामली के आरके पीजी डिग्री कालेज मे खेलकूद प्रतियोगिता मे भाग लेते छात्र • जागरण

का आयोजन कालेज के खेलकूद विभाग के डा. प्रवीण अहमद ने किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कारों से सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर डा. एमके जेल्ली, डा. सौरभ कुमार पाण्डेय, डा. सुरेंद्रपाल, डा. प्रीतम सिंह, संजीव कुमार, सेठपाल, विजय आदि लोग उपस्थित रहे।

कार्यालय
पत्रांक:– 852/3

**02.12. 2025: Ist Intercollegiate Basket Ball Tournament ,MSU**

**Programme Incharge –Prof . Praveen Ahmad**

# श्रीराम कॉलेज मुजफ्फरनगर बना विजेता

## आरके पीजी कॉलेज में हुई बास्केटबाल प्रतियोगिता

संवाद न्यूज एजेंसी

शामली। शहर के आरके पीजी कॉलेज में मां शाकंभरी विश्वविद्यालय की ओर से प्रथम अंतर महाविद्यालय बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में तीनों जनपदों के डिग्री कॉलेजों की टीमों ने प्रतिभाग कर प्रतिभा दिखाई। श्रीराम कॉलेज मुजफ्फरनगर की टीम ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए ट्राफी पर कब्जा किया।

मंगलवार को आयोजित हुई प्रतियोगिता में शामली, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता की विजेता श्रीराम कॉलेज मुजफ्फरनगर की टीम के खिलाड़ी अभय चौधरी, नमन, वैभव व शोएब ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए ट्राफी पर कब्जा किया। द्वितीय स्थान जेवी जैन कॉलेज सहारनपुर की टीम रही। टीम में खिलाड़ी अजय कुमार, मोहित जोशी, मधुर शर्मा, रोहन रहे। तृतीय स्थान जीएमली कॉलेज रामपुर मनिहारन सहारनपुर रही। टीम में लक्ष्मी सागर, वात्सल्य कुमार, मयंक, प्रिंस रहे।

प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि पूर्व एचओडी उद्यान आरपी रहे, उन्होंने सभी प्रतिभागी टीम को उत्साह व लगन से खेलने के लिए प्रेरित किया। विजेता टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभागाध्यक्ष डॉ. प्रवीण अहमद, डॉ. एमके जल्ली, सौरभ कुमार पांडेय, सुरेंद्रपाल, प्रीतम सिंह, संजीव कुमार, सेठपाल और विजय रहे।



आरके पीजी कॉलेज में बास्केटबाल प्रतियोगिता में गोल करता खिलाड़ी। संवाद



**02.12. 2025: Ist Intercollegiate Basket Ball Tournament ,MSU**
**Programme Incharge –Prof . Praveen Ahmad**






**02.12. 2025: Ist Intercollegiate Basket Ball Tournament ,MSU**
**Programme Incharge –Prof . Praveen Ahmad**





**02.12. 2025: Ist Intercollegiate Basket Ball Tournament ,MSU**
**Programme Incharge –Prof . Praveen Ahmad**





**02.12. 2025: Ist Intercollegiate Basket Ball Tournament ,MSU**
**Programme Incharge –Prof . Praveen Ahmad**

शामली से प्रकाशित नम्बर 1 प्रातःकालीन दैनिक

**नवचेतन सत्यभाष**



# आर के पीजी कालेज में बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**सत्यभाष संवाददाता**

**शामली।** शहर के आरके पीजी कालेज में मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय सहारनपुर की प्रथम अंतर महाविद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शामली, मुजफ्फरनगर व सहारनपुर की खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मंगलवार को शहर के आरके पीजी कालेज में मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय सहारनपुर की प्रथम अंतर महाविद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भूतपूर्व पूर्व एचओडी, उद्यान विभाग प्रो.आरपी सिंह एवं कालेज के प्राचार्य प्रो. लोकेश कुमार ने किया। मुख्य अतिथि को मेमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विभिन्न महाविद्यालयों जीएमवी कालेज रामपुर मनिहारन, श्रीराम कालेज मुजफ्फरनगर, जेवी जैन कालेज सहारनपुर, राष्ट्रीय किसान डिग्री



कालेज शामली के पुरुष वर्ग के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का सफल आयोजन शारीरिक शिक्षा विभाग से डा. प्रवीण अहमद द्वारा किया गया। समापन सत्र में मुख्य अतिथि प्रोफेसर आरपी सिंह ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्रतियोगिता को सफल बनाने में डा. एमके जैल्ली, डा. सौरभ कुमार पांडेय, डा. सुरेंद्रपाल, डा. प्रीतम सिंह, संजीव कुमार, सेठपाल, विजय उपस्थित रहे।

## 02.12. 2025: Ist Intercollegiate Basket Ball Tournament ,MSU Programme Incharge –Prof . Praveen Ahmad

दैनिक
नवचेतन सत्यभाष

जनपद–आसपास



**19.12. 2025: Bharat Ratan  Atal Bihar Vajpayee shatabati varsh Programme Incharge –Cultural Committe**






**19.12. 2025: Ratan Atal Bihar Vajpayee shatabati varsh**
**Programme Incharge –Cultural Committe**






**20.12. 2025: NSS / NCC Activity**

**Programme Incharge –NSS Committe**

शामली से प्रकाशित नम्बर 1 प्रातःकालीन दैनिक

# नवचेतन सत्यभाष

(डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)

वर्ष: 18 अंक: 343
शामली, रविवार
21 दिसंबर 2025
मूल्य: 3.00 रुपया
डाक पंजीयन संख्या
UP/MZN-72/2014-16

पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद....(पेज-पांच) | रणवीर सिंह को 'धुरंधर' देखकर प्रीति...(पेज-छः) | ई-पेपर पढ़ने के लिये डाउनलोड करें

satyabhash2@gmail.com | R.N.I. No. UPHIN/2008/23611 | उत्तर प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड व दिल्ली में एक साथ प्रसारित | web.www.navchetansatyabhash.com



## जनपद–आसपास

# बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा यशवी का गणतंत्र दिवस परेड के लिये चयन

**सत्यभाष संवाददाता**

**शामली।** आरकेपीजी महाविद्यालय के लिए बड़े हर्ष की सूचना युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली से प्राप्त हुई है कि महाविद्यालय की छात्रा यशवी बीएससी तृतीय वर्ष का गणतंत्र दिवस परेड शिविर (२०२६) नई दिल्ली के लिए चयन हुआ है, यह चयन राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से हुआ हैस सहारनपुर विश्वविद्यालय से जुड़े हुए सभी महाविद्यालय में से एकमात्र कुमारी यशवी का ही चयन हुआ है यह महाविद्यालय के लिए बड़े गौरव की बात है, कुमारी यशवी राष्ट्रीय सेवा योजना (तृतीया इकाई) की स्वयं सेविका है ,उनका राष्ट्रीय सेवा योजना में द्वितीय वर्ष है।

इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य लोकेश कुमार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व कार्यक्रम अधिकारी श्रीकांत वार्ष्णेय ने छात्रा को बधाई एवं शुभकामनाएं संदेश प्रेषित की हैं



**17 to 21.12. 2025: North zone inter University Table Tennis Competition, Punjab**

**Programme Incharge –Prof . Praveen Ahmad**







